4th Year Anniversary

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 18 | FRIDAY 30-01-2026 | RS-03 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

### गुस्ताखी माफ

नेताओं को आप क्यों, जाते भैया भूल।
उन पर भी लागू करें, कल से यही उसूल।
कल से यही उसूल, वहां भी काफी चीटर।
बिजली हो प्रीपेड, स्मार्ट हो उनका मीटर।
कह साहिल कविराय, सभी की ज़िम्मेदारी।
मीटर लें प्रीपेड, महकमे क्यों सरकारी।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल



# चंडीगढ़ को मिला नया मेयर: भाजपा के सौरभ जोशी ने संभाली कमान, आप-कांग्रेस की राहें जुदा

अजीत झा

**चंडीगढ़ , यूटर्न, 29 जनवरी। भाजपा ने एक बार फिर चंडीगढ़ के मेयर पद पर कब्जा कर लिया है। सौरभ जोशी चंडीगढ़ के नए मेयर बन गए हैं। गुरुवार को निगम सदन में मेयर चुनाव हुआ। इस बार चुनाव हाथ उठाकर करवाया गया।**



**आप ने नहीं किया कांग्रेस का समर्थन...**चुनाव प्रक्रिया प्रिजाइडिंग अफसर रमणीक बेदी ने शुरू करवाई। सबसे पहले कांग्रेस उम्मीदवार के लिए वोटिंग हुई। आप ने कांग्रेस का समर्थन नहीं किया तभी तय हो गया था कि भाजपा ही चुनाव जीतेगी। इसके बाद भाजपा उम्मीदवार के लिए हाथ उठवाए गए। जोशी को 18 वोट मिले। कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार की वोटिंग के बाद वॉकआउट किया।

**आप के बागी रामचंद्र ने पार्टी का साथ दिया...**सबसे अंत में आप के उम्मीदवार योगेश ढींगरा के लिए मतदान हुआ। ढींगरा को 11 वोट मिले। पार्टी के लिए बगावती तेवर दिखाने वाले रामचंद्र यादव ने भी अपना वोट ढींगरा को ही दिया। इस बार मेयर चुनाव की वीडियोग्राफी भी करवाई गई ताकि धांधली की कोई गुजाइश न रहे।

### *सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पद भी भाजपा जीती*

*इसके बाद हुए सीनियर डिप्टी मेयर के चुनाव में भाजपा के जसमनप्रीत सिंह जीत गए। डिप्टी मेयर चुनाव में भी भाजपा की सुमन देवी जीत गई है। रामचंद्र यादव ने चुनाव से पहलें अपना नाम वापस ले लिया।*

## जोशी बोले-जीत नहीं, जिम्मेदारी मिली

पद संभालने के बाद जोशी ने कहा कि एक पिता की तपस्या, एक बेटे का संकल्प। मैं वहां से आया हूं जहां राजनीति शोर नहीं थी, सेवा एक संस्कार थी। जहां मेरे पिता ने ज़िन्दगी अपने लिए नहीं, उनके लिए जी जिन्हें समाज अक्सर देखना भूल जाता था। मैंने उन्हें देखा है सुबह सबसे पहले किसी मजदूर की पीड़ा सुनते हुए और रात सबसे आखिर में किसी गरीब की चिंता करते हुए। उनके लिए दलित, वंचित, मजलूम सिर्फ शब्द नहीं थे, वे परिवार थे। घर में कभी आराम की बातें नहीं हुई, बस एक ही सीख मिली—अगर किसी की आंखों में आंसू हों तो राजनीति नहीं, इंसानियत पहले रखो। आज अगर मैं यहां खड़ा हूँ, तो ये मेरी उड़ान नहीं, उनकी जमीन से जुड़ी तपस्या का फल है। मेरे 14 साल आसान नहीं थे। नाम नहीं पुकारा गया, मंच नहीं मिला। कई बार लगा कि शायद इंतजार ही मेरी नियति में है। लेकिन हर बार पिता की आवाज भीतर से आती थी—बेटा, सही रास्ता देर से पहुंचाता है पर खाली हाथ नहीं लौटाता। उन कठिन दिनों में मेरा परिवार मेरी ढाल बनकर खड़ा रहा। मेरे मित्र मेरी हिम्मत बने। मेरे वार्ड के बुजुर्गों ने मुझे दुआओं से थामा। युवाओं ने उम्मीद की मशाल जलाई। और हर निवासी ने मुझे बिना शर्त प्यार, विश्वास और ताकत दी। जब मैं थका, उन्होंने मुझे चलाया। जब मैं चुप हुआ, उन्होंने मेरी आवाज बनकर मेरा नाम लिया। आज जब मैं यहां पहुंचा हूं, तो पूरे विनम्र भाव से कहता हूं—इस यात्रा का हर श्रेय उन सबको जाता है। आज इस सदन में मुझे सिर्फ समर्थन नहीं, आज इस सदन में मुझे सिर्फ समर्थन नहीं, अपने पिता की परछाई दिखती है। विपक्ष की आंखों में भी वही सम्मान, वही विश्वास नजर आता है। मैं जानता हूँ ये सदन मतों से बंटा है, पर दर्द, संघर्ष और उम्मीद हम सबको एक ही भाषा सिखाती है। आज मैं आपसे प्रतिद्वंद्वी नहीं, एक सहयात्री की तरह बात कर रहा हूँ। क्योंकि कुर्सी एक होती है, पर शहर हम सबका होता है। मुझे पूरा भरोसा है कि आने वाले 300 दिनों में हम सब पक्ष-विपक्ष से ऊपर उठकर चंडीगढ़ को संवेदना, ईमानदारी और न्याय का शहर बनाएंगे। मैं वादा नहीं करता कि कभी थकूंगा नहीं, पर ये जरूर कहता हूँ, पिता की विरासत को कभी झुकने नहीं दूंगा। और आज इस सदन में खड़े होकर मैं कोई नारा नहीं दे रहा हूँ, मैं एक स्वीकृति कर रहा हूं, एक्सेप्ट कर रहा हूँ। अगर मेरे शब्दों में जरा सी भी सच्चाई है, तो वो मेरे पिता की सीख से आई है।

ਗੁਰਮੁਖਿ ਜਨਮੁ ਸਵਾਰਿ ਦਰਗਹ ਚਲਿਆ।
ਸਚੀ ਦਰਗਹ ਜਾਇ ਸਚਾ ਪਿੜੁ ਮਲਿਆ।

With profound grief and sorrow, we announce the sad demise of the Beloved Matriarch of the Kukreja family,

**SARDARNI DALIP KAUR**

**W/o Late. S. Randhir Singh**

She was the steady soul of our family whose compassion, love, and quiet strength shaped our family. She lived with warmth, humility and a spirit of seva that touched every life around her.



**Kirtan Darbar and Antim Ardaas**

**1 PM to 2 PM on Friday, 30th January at Gurudwara Sarabha Nagar, Ludhiana Followed by Guru Ka Langar**

**FONDLY REMEMBERED BY THE KUKREJA FAMILY:**

SONS & DAUGHTERS-IN-LAW
**Gurbachan Singh, IPS &**
**Pawan Parmar Singh, IRS**

DAUGHTERS & SONS-IN-LAW
**Satwant Kaur & Rajinder Pal Singh**
**Dr. Beant Kaur & Dr. Narinder Singh**

**Baldev Singh & Jasmeet Kaur | Jarnail Singh & Devender Jeet Kaur | Arwinder Singh & Surendra Kaur, Sadip Singh & Ravindra Kaur | Satinder Singh & Harpreet Kaur**

Grandchildren, Grandchildren-in-law, Great Grandchildren, Friends and Relatives.

**+91-9814081117, 9915155220, 9814451798, 9814031387, 9814181117, 9814084376**

**RAMNEEK INTERNATIONAL | GOLDEN PLYWOOD**
**MAYFAIR FOODS (HOT BREADS)**
**AJ HI-TECH PLY PRODUCTS | ANTICO**

Uturn Time 30 Jan 2026_Layout 2 29-01-2026 23:21 Page 2



Celebrate your Birthday or Anniversary with UTURN TIME in association with

Hot Breads

0161-4603333, 5012222




2 LUCKY WINNERS WILL GET CAKE WORTH OF ₹1200 EACH

*WINNERS WILL BE DECIDED THROUGH LUCKY DRAW *T&C

FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
janhetaishi@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

All rights about Distribution & Offer will be reserved by U-TURN TIME MANAGEMENT Only.

# लुधियाना उद्योग पर संकट: आरटीओ-ट्रैफिक पुलिस की मनमानी जांच से सप्लाई चेन ठप, 'मंथली' वसूली का आरोप

लुधियाना, यूटर्न, 29 जनवरी। पंजाब की औद्योगिक राजधानी लुधियाना में व्यापार और उद्योग जगत गंभीर संकट से जूझ रहा है। वर्ल्ड एमएसएमई फोरम ने आरटीओ, डीटीओ और ट्रैफिक पुलिस द्वारा कमर्शियल वाहनों की कथित मनमानी रोक-टोक और उससे उपजी अवैध वसूली व्यवस्था पर कड़ा एतराज जताया है।



संगठन का कहना है कि वैध दस्तावेजों, परमिट और ई-वे बिल होने के बावजूद वाहनों को बार-बार रोका जा रहा है, जिससे उद्योगों की सप्लाई चेन बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

फोरम के अनुसार, पहले से आर्थिक मंदी और स्लोडाउन के दौर से गुजर रहे लुधियाना उद्योग पर यह अतिरिक्त दबाव भारी पड़ रहा है। कच्चे माल और तैयार माल की आवाजाही बाधित होने से लॉजिस्टिक्स लागत बढ़ गई है और डिलीवरी सिस्टम लगभग ठप हो गया है।

सबसे गंभीर आरोप यह है कि इस व्यवस्था के बीच अवैध मिडलमैन और असामाजिक तत्व फल-फूल रहे हैं। लगातार चालान, वाहन जब्ती और परेशानियों के डर से ट्रांसपोर्टरों और उद्योगपतियों को कथित तौर पर 'फिक्स मंथली पेमेंट' करनी पड़ रही है, ताकि वाहनों की निर्बाध आवाजाही बनी रहे और बेवजह चालान से बचा जा सके।

व्यापार संगठनों का कहना है कि इससे ऐसा माहौल बन गया है जिसमें कानून का पालन करने वाले उद्यमी परेशान हो रहे हैं, ड्राइवरों को डराया जा रहा है और ईमानदार कारोबार घाटे की ओर धकेले जा रहे हैं, जबकि अवैध दलाल व्यवस्था मजबूत हो रही है।

वर्ल्ड एमएसएमई फोरम ने इसे 'सिस्टेमेटिक हैरेसमेंट और इनडायरेक्ट एक्सटॉर्शन' करार देते हुए कहा कि यह ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और पारदर्शी शासन की भावना के खिलाफ है।

संगठन ने चेतावनी दी कि यदि हालात नहीं सुधरे तो एमएसएमई बंद होंगे, रोजगार घटेगा, उद्योग दूसरे राज्यों की ओर पलायन करेगा और पंजाब की औद्योगिक छवि को दीर्घकालिक नुकसान होगा।

## फोरम ने सरकार से चार अहम मांगें रखी हैं

- नियमों का पालन करने वाले वाहनों को बेववजह रोकने पर रोक लगे।
- अवैध मिडलमैन नेटवर्क की पहचान कर उसे खत्म किया जाए।
- केवल वास्तविक उल्लंघन पर ही चालान किए जाएं।
- टेक्नोलॉजी आधारित, पारदर्शी और जवाबदेह व्यवस्था लागू हो।

उद्योग जगत का कहना है कि आर्थिक पुनरुद्धार डर, उत्पीड़न और अनौपचारिक भुगतान के माहौल में संभव नहीं है। व्यापारिक समुदाय को उम्मीद है कि सरकार त्वरित हस्तक्षेप कर लुधियाना उद्योग को राहत देगी और पंजाब में रोजगार व निवेश का भरोसा बहाल करेगी।

# डेराबस्सी की स्मॉल स्केल इंडस्ट्री पर बिजली संकट की मार, उत्पादन ठप

डेराबस्सी, यूटर्न, 29 जनवरी। डेराबस्सी औद्योगिक क्षेत्र में स्थित स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज इन दिनों गंभीर बिजली संकट से जूझ रही हैं। बिजली आपूर्ति में लगातार आ रही बाधाओं और लो वोल्टेज की समस्या को लेकर स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन डेराबस्सी ने गहरी नाराजगी जताई है। उद्योगपतियों का कहना है कि 22 जनवरी से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से पटरी पर नहीं लौट पाई है, जिससे औद्योगिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि कभी बिजली आती है तो कभी अचानक चली जाती है, वहीं जो बिजली आ भी रही है वह बेहद कम वोल्टेज की है। ऐसे में मशीनें चलाना नामुमकिन हो गया है। नतीजतन अधिकांश फैक्ट्रियों में उत्पादन पूरी तरह ठप पड़ा है, ऑर्डर पूरे नहीं हो पा रहे और मजदूर बिना काम के बैठे हैं। इससे न केवल उद्योगों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है, बल्कि सैकड़ों मजदूरों की रोजी-रोटी पर भी संकट मंडरा रहा है।

> उद्योगपति बोले- हालात नहीं सुधरे तो फैक्ट्रियों की चाबियां सरकार को सौंपेंगे

उद्योगपतियों ने चेतावनी दी कि यदि हालात जल्द नहीं सुधरे तो उन्हें मजबूरन अपने उद्योग बंद करने पड़ेंगे। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कई उद्योगपति अपनी फैक्ट्रियों की चाबियां सरकार को सौंपने तक के लिए तैयार हैं, ताकि सरकार स्वयं आकर उनकी पीड़ा को समझ सके। इसी के तहत उद्योगपतियों द्वारा शांतिपूर्ण प्रदर्शन भी किया जा रहा है। एसोसिएशन ने सवाल उठाया कि जब सरकार रोजगार सृजन की बात करती है, तो बिना स्थायी और सुचारु बिजली आपूर्ति के उद्योग रोजगार कैसे देंगे। उन्होंने कहा कि डेराबस्सी पंजाब का प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र है और पावरकॉम के लिए भी यह इलाका बड़े राजस्व का स्रोत है। इसके बावजूद यहां के उद्योगों की यह दुर्दशा होना, प्रदेश के सबसे बड़े राजस्व दाताओं के साथ अन्याय है। उद्योगपतियों ने पंजाब सरकार और पावरकॉम से मांग की है कि डेराबस्सी की स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज की बिजली आपूर्ति को तुरंत और स्थायी रूप से बहाल किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की स्थिति दोबारा न बने। साथ ही चेताया कि यदि बिजली संकट के चलते उद्योग बंद होते हैं, तो इसके लिए जिम्मेदार पावरकॉम अधिकारियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। इस मौके पर स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन डेराबस्सी के अध्यक्ष गुरजीत सिंह कोहली, चेयरमैन राजू मित्तल, जनरल सेक्रेटरी राज कुमार सुरमा सहित बड़ी संख्या में उद्योगपति मौजूद रहे।

# इंडिया-ईयू एफटीए से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को नई रफ्तार, एक्सपोर्ट में उछाल तय




नई दिल्ली/लुधियाना। भारत और यूरोपियन यूनियन (ईयू) के बीच प्रस्तावित फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) को लेकर भारतीय उद्योग जगत में जबरदस्त उत्साह है। विशेषज्ञों के अनुसार इस समझौते के लागू होने के बाद लगभग 90 प्रतिशत भारतीय शिपमेंट यूरोपीय बाजार में ड्यूटी-फ्री पहुंच सकेंगे, जिससे मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट सेक्टर को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। फता को लेकर विभिन्न इंडस्ट्री प्रतिनिधियों ने अपनी अपनी रे दी।

## नई डिमांड और सप्लाई-चेन के अवसर बनेंगे :अविनाश गुप्ता



फियो इण्डिया के मैम्ब्र अविनाश गुप्ता ने कहा, पंजाब की इंडस्ट्री को यूरोपियन मार्केट तक बेहतर पहुंच मिलेगी। ऑटो कंपोनेंट्स, साइकिल, हैंड टूल्स और फूड प्रोसेसिंग जैसे सेक्टरों में नई डिमांड और सप्लाई-चेन के अवसर बनेंगे। एफटीए से टेक्नोलॉजी कोलेबोरेशन और लॉन्ग-टर्म इन्वेस्टमेंट भी बढ़ेगा।

## टरटए को नई ऑर्डर बुक मिलने की संभावना : विश्कर्मा

टरटए सैक्टर के चरणजीत विश्वकर्मा अनुसार अभी यूरोप में भारतीय वस्तुओं पर इम्पोर्ट ड्यूटी और कंप्लायंस कॉस्ट ज्यादा है, जिससे छोटे उद्योगों के लिए वहां पहुंच बनाना मुश्किल होता है। एफटीए के बाद टेक्सटाइल, गारमेंट्स, लेदर, स्पोर्ट्स गुड्स, ऑटो कंपोनेंट्स, इंजीनियरिंग गुड्स, हैंड टूल्स और फूड प्रोसेसिंग जैसे सेक्टरों में टरटए को नई ऑर्डर बुक मिलने की संभावना है।



## निर्यातकों को मिलेगी मजबूत प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त : गुरमीत कुलार



फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल ऑर्गनाइजेशन (FICO) के अध्यक्ष गुरमीत सिंह कुलार ने कहा, 'इंडिया-ईयू एफटीए भारतीय निर्यातकों को मजबूत प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त देगा। भारत और यूरोप के बीच लेबर कॉस्ट में बड़ा अंतर है, जिससे भारतीय उत्पाद यूरोप में ज्यादा किफायती बनेंगे और हमारी मैन्युफैक्चरिंग को नैचुरल एडवांटेज मिलेगा।'

## फता लेबर-इंटेंसिव सेक्टर्स के लिए गेम चेंजर : टोनी महाजन

महाजन ग्रुप ऑफ कम्पनीज के टोनी महाजन ने बताया की समल स्केल आगे कहा कि यह समझौता खास तौर पर लेबर-इंटेंसिव सेक्टर्स जैसे टेक्सटाइल, गारमेंट्स, स्पोर्ट्स गुड्स और इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स के लिए गेम चेंजर साबित होगा और बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा करेगा।




## इंटरनेशनल स्टैंडर्ड पर काम का कल्चर बढ़ेगा : भूपेश जैन



गोल्ड स्टोन इंटरनैशनल के भूपेश जैन का मानना है कि एफटीए से टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, क्वालिटी अपग्रेडेशन और फाइनेंसिंग तक पहुंच भी आसान होगी। यूरोपीय कंपनियों के साथ कोलैबोरेशन से टरटए से लेकर कॉर्पोरेट तक सभी को इंटरनेशनल स्टैंडर्ड अपनाने का मौका मिलेगा। जैन अनुसार काम इस कदर बढ़ेगा की डिमांड और सप्लाई में संतुलन बनानां ही चेलेंज होगा।

## टैक्सटाइल सैक्टर के लिए बड़ी क्रांति के दौर का आगमन : रमेश जगोता

यंगमैन इंटरनैशनल के चेयरमैन रमेश जगोता का मानना है कि इंडिया-ईयू एफटीए 'मेक इन इंडिया' को मजबूती देगा और भारत को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभाएगा। टैक्सटाइल सैक्टर के लिए एक बड़ी क्रांति के दौर का आगमन माना जा सकता है।



4th Year Anniversary

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 18 | FRIDAY 30-01-2026 | RS-03 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com




# अब सामने आया नटवर लाल मड़िया बाप बेटे का बिजली के अवैध इस्तेमाल का स्कैम, विभाग ने काटा कनेक्शन

## न्यू हाई स्कूल का मामला

**लुधियाना/यूटर्न/29 जनवरी। न्यू हाई स्कूल के फंडों को निजी इस्तेमाल और सरकारी प्रॉपर्टियों पर कब्जे करने के बाद अब नटवरलाल सुनील मडिया द्वारा बिजली चोरी भी शुरू कर दी है। बिजली चोरी करने के आरोप में पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) की और से एक्शन भी लिया गया है। दरअसल, पावरकॉम विभाग की और से न्यू हाई स्कूल की सराभा नगर ब्रांच पर एक्शन लिया गया है। जिसके चलते स्कूल का बिजली कनेक्शन काट दिया है। दरअसल, स्कूल की प्रबंधक कमेटी के मुखी सुनील मडिया, बेटे गौरव मडिया, उनके रिश्तेदार मेंबरों और करीबियों द्वारा बिजली चोरी की जा रही थी। उनकी और से एक कनेक्शन लेकर उससे श्री राम इंटरनेशल स्कूल को अवैध तरीके से बिजली सप्लाई कर चोरी की जा रही थी। जिस संबंधी पावरकॉम विभाग को सूचना मिली। जिसके चलते विभाग ने इसकी जांच की और चोरी पकड़ी गई। विभाग द्वारा इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2005 के अनआथरोजाइट यूज ऑफ इलेक्ट्रिसिटी कानून के तहत यह कार्रवाई की है। हालांकि स्कूल कमेटी पर जुमार्ना भी लगाया जाना है। लेकिन अभी जुमार्ना कितना लगाया जाएगा, यह तय नहीं किया गया है। चचाएं हैं कि स्कूल को लाखों रुपए जुमार्ना लग सकता है।**

**चर्चा, सालों से हो रही बिजली चोरी...**वहीं चचाएं हैं कि न्यू हाई स्कूल की प्रबंधक कमेटी की और से सालों से इसी तरह बिजली चोरी की जा रही थी। दरअसल, श्री राम इंटरनेशनल स्कूल स्कूल बने हुए कई साल हो चुके हैं। ऐसे में अगर आज भी उसे बिजली न्यू हाई स्कूल के मीटर से दी जा रही थी, तो इससे साफ है कि शुरूआत से ही यह चोरी चकाई का खेल चल रहा है। जिसके चलते इन पर विभाग द्वारा भारी जुमार्ना लगाया जा सकता है।

**श्री राम पर पहले हो चुका 53 लाख का जुमार्ना...**जानकारी के अनुसार श्री राम इंटरनेशनल स्कूल पर पहले भी पावरकॉम विभाग द्वारा रेड की गई थी। इस दौरान बिजली चोरी करने के आरोप में फरवरी 2025 को करीब 40 लाख रुपए जुमार्ना लगाया गया था। जिसके बाद फिर विभाग ने रेड कर 13 लाख जुमार्ना लगाया। स्कूल मालिक यह मामला डिस्प्यूट सेटलमेंट कमेटी में ले गया और वहां हार गया। जिसके चलते अब स्कूल मालिक को यह जुमार्ना हर हाल में भरना होगा।



नटवरलाल सुनील मडिया व बेटा गौरव मडिया



न्यू हाई स्कूल का काटा गया कनेक्शन

**न्यू हाई स्कूल की ही जमीन में बने है तीन प्राइवेट स्कूल...**जानकारी के अनुसार लुधियाना इंप्रूवमेंट ट्रस्ट की और से न्यू हाई स्कूल को सराभा नगर में जगह दी गई थी, ताकि वहां पर कम फीस रखकर बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले। लेकिन सुनील मडिया की और से कई राजनेताओं, रिश्तेदारों और करीबियों के साथ मिलकर पहले स्कूल कमेटी पर कब्जा किया। जिसके बाद सराभा नगर में मौजूद न्यू हाई स्कूल की बेशकीमती जमीन का ज्यादातर हिस्सा आगे स्कूलों को बेच दिया गया। जहां पर अब कंगारू किड्स, श्री राम इंटरनेशनल स्कूल और ऑर्किड स्कूल है।

**एक कनेक्शन लेकर श्री राम स्कूल को दी जा रही थी सप्लाई...**वहीं बिजली विभाग द्वारा जब जांच की गई तो पता चला कि सुनील मडिया की और से न्यू हाई स्कूल के नाम पर 300 किलोवाट एक बिजली कनेक्शन ले रखा है। जबकि उक्त कनेक्शन के जरिए आगे श्री राम इंटरनेशनल स्कूल को बिजली सप्लाई की जा रही थी। जबकि नियमों के तहत हर बिल्डिंग में अलग कनेक्शन होना जरुरी होता है। लेकिन सुनील मडिया ठहरे राजनेताओं के आका, जिसके चलते उनकी और से जमकर नियम तोड़े गए और बिजली चोरी चलती रही।

**रिश्तेदार भी शर्म कर रहे महसूस...**नटवरलाल सुनील मडिया के शिक्षा संस्थान के नाम पर ठगियां करने का खुलासा होने के बाद अब उनके करीबी रिश्तेदारों ने भी शर्म महसूस करने शुरू कर दी है। चर्चा है कि इनकी वजह से रिश्तेदारों की भी बदनामी हो रही है। नटवरलाल की इन हरकतों के कारण बाकियों की जग हंसाई हो रही है कि वह सुनील मडिया के रिश्तेदार हैं।



**कंगारू किड्स और आर्किड स्कूल के भी कनेक्शन इललीगल...**न्यू हाई स्कूल ओल्ड स्टूडेंट्स एलुमनी एसोसिएशन के प्रेजिडेंट राजेश गर्ग ने कहा कि पावरकॉम ने यह अच्छा स्टैप लिया है। न्यू हाई स्कूल का कनेक्शन स्कूल की जगह श्री राम इंटरनेशनल स्कूल चलाने के लिए चल रहा था। न्यू हाई स्कूल के सुनील मडिया व अन्य कमेटी मेंबर्स को अपने स्कूल के बच्चों की जगह श्री राम स्कूल के बच्चों के भविष्य की चिंता ज्यादा है। गर्ग अनुसार इसी के साथ बने आर्किड व कंगारू किड्स स्कूल के कनेक्शन भी काटने चाहिए। उन्होंने अनरजिस्टर्ड लीज डीड बनाकर कनेक्शन ले रखे हैं।






Uturn Time 30 Jan 2026_Layout 2 29-01-2026 23:21 Page 4



# व्हाट्सएप के जरिए शेयर मार्केट में मुनाफे का झांसा देकर 16.30 लाख के साइबर फ्रॉड में महिला समेत दो और आरोपी गिरफ्तार, अब तक कुल 7 आरोपी काबू

पंचकूला, यूटर्न, 29 जनवरी। पंचकूला में साइबर ठगों द्वारा व्हाट्सएप के माध्यम से शेयर मार्केट में अधिक मुनाफे का लालच देकर एक आम नागरिक से 16 लाख 30 हजार रुपये की ठगी के मामले में पंचकूला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 28 जनवरी को महिला समेत दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार की गई महिला आरोपी मोनिका, पहले से गिरफ्तार पांचवें आरोपी सुशील दत्त की पत्नी है। वहीं दूसरा आरोपी सुभाष चंद, निवासी वेस्ट दिल्ली है, जो उत्तर प्रदेश व बिहार में एक एनजीओ से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी सुभाष चंद को आज माननीय अदालत में पेश कर 4 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया है, जबकि महिला आरोपी को पूछताछ उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



## क्या था पूरा मामला

पंचकूला निवासी शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सितंबर माह 2025 में उसे व्हाट्सएप के माध्यम से शेयर मार्केट में मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया गया। इसके बाद आरोपियों ने एक लिंक भेजकर एक फर्जी ऐप डाउनलोड करवाया, जिसके माध्यम से अलग-अलग समय पर शिकायतकर्ता से कुल 16 लाख 30 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। शिकायत के आधार पर साइबर क्राइम थाना पंचकूला में भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2), 318(4) व 61(2) के तहत 20 नवंबर 2025 को मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।


# व्हाट्सएप के जरिए शेयर मार्केट में मुनाफे का झांसा देकर 16.30 लाख के साइबर फ्रॉड में महिला समेत दो और आरोपी गिरफ्तार, अब तक कुल 7 आरोपी काबू

पंचकूला, यूटर्न, 29 जनवरी। पंचकूला में साइबर ठगों द्वारा व्हाट्सएप के माध्यम से शेयर मार्केट में अधिक मुनाफे का लालच देकर एक आम नागरिक से 16 लाख 30 हजार रुपये की ठगी के मामले में पंचकूला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 28 जनवरी को महिला समेत दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

गिरफ्तार की गई महिला आरोपी मोनिका, पहले से गिरफ्तार पांचवें आरोपी सुशील दत्त की पत्नी है। वहीं दूसरा आरोपी सुभाष चंद, निवासी वेस्ट दिल्ली है, जो उत्तर प्रदेश व बिहार में एक एनजीओ से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी सुभाष चंद को आज माननीय अदालत में पेश कर 4 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया है, जबकि महिला आरोपी को पूछताछ उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।






## क्या था पूरा मामला

पंचकूला निवासी शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सितंबर माह 2025 में उसे व्हाट्सएप के माध्यम से शेयर मार्केट में मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया गया। इसके बाद आरोपियों ने एक लिंक भेजकर एक फर्जी ऐप डाउनलोड करवाया, जिसके माध्यम से अलग-अलग समय पर शिकायतकर्ता से कुल 16 लाख 30 हजार रुपये की ठगी कर ली गई।

शिकायत के आधार पर साइबर क्राइम थाना पंचकूला में भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2), 318(4) व 61(2) के तहत 20 नवंबर 2025 को मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।



# चंडीगढ़ ट्राइसिटी में इनकम टैक्स की बड़ी रेड, नामी डिवैल्पर मारबेला, गोयल व नेताओं के ठिकानों पर लगातार दूसरे दिन भी कार्रवाई

चंडीगढ़, यूटर्न, 29 जनवरी। चंडीगढ़ ट्राइसिटी में इनकम टैक्स विभाग द्वारा शुरू की गई बड़ी कार्रवाई गुरुवार देर शाम तक भी जारी रही। बुधवार को शुरू हुई रेड को प्रिंसिपल डायरेक्टर, पंजाब एंड जम्मू-कश्मीर आशीष के नेतृत्व में अंजाम दिया जा रहा है। इस कार्रवाई के तहत ट्राइसिटी के नामी बिल्डरों, डिवेलपर्स और कुछ राजनीतिक हस्तियों से जुड़े परिसरों पर एक साथ दबिश दी गई। सूत्रों के अनुसार मोहाली स्थित गर्ग बिल्डर्स, एसआरजी मारबेला, न्यू मारबेला, सिल्वन ग्रीन्स, एपी पेपर मिल्स सहित कई कारोबारी ठिकानों को जांच के दायरे में लिया गया है। टीमों ने कार्यालयों और आवासीय परिसरों में दस्तावेजों, डिजिटल डेटा और वित्तीय रिकॉर्ड की गहन पड़ताल की। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में संदिग्ध दस्तावेज बरामद किए गए हैं, जिन्हें विभाग ने जांच के लिए कब्जे में ले लिया है। इनमें प्रॉपर्टी से जुड़े एग्रीमेंट, बयाने, सौदे और अन्य लेन-देन से संबंधित रिकॉर्ड शामिल बताए जा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि चंडीगढ़ के आसपास मोहाली, खरड़ और जीरकपुर क्षेत्रों में प्रॉपर्टी










कारोबार में तेजी से आए उछाल की जानकारी विभाग को मिली थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। इसी क्रम में होशियारपुर से पंजाब के पूर्व मंत्री सुंदर शाम अरोड़ा के ठिकानों को भी रेड में कवर किया गया है। इनकम टैक्स विभाग की टीमें अभी भी विभिन्न स्थानों पर जांच कर रही हैं। विभागीय अधिकारियों ने फिलहाल कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। माना जा रहा है कि जांच पूरी होने के बाद टैक्स चोरी, बेनामी संपत्ति और अनियमित लेन-देन को लेकर अहम खुलासे हो सकते हैं। सूत्रों की माने तो विभाग द्वारा मोहाली के कई अन्य बिल्डरों और डिवैल्परों पर भी नजर रखी गई हैं।

# पंचकूला में बुजुर्ग से चाकू की नोक पर लूट के मामले में नाबालिग आरोपी काबू, 2 मोबाइल बरामद

पंचकूला, यूटर्न, 29 जनवरी। पंचकूला में बुजुर्ग से चाकू की नोक पर हुई लूट की वारदात का खुलासा करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में शामिल एक नाबालिग आरोपी को अभिरक्षा में लेकर लूटे गए 2 मोबाइल फोन भी बरामद कर लिए हैं। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि 24 जनवरी को मूल रूप से उत्तराखंड निवासी एवं वर्तमान में पंचकूला में रह रहे 78 वर्षीय बुजुर्ग ने थाना सेक्टर-14 में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार 23 जनवरी की शाम वह इंडस्ट्रियल एरिया फेस-2 में काम समाप्त कर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान थ्री-व्हीलर में सवार दो युवकों ने सेक्टर-2 का नाम लेकर उसे ऑटो में बैठा लिया। इसके बाद आरोपी उसे सुनसान स्थान पर ले गए और चाकू की नोक पर उसका पर्स, दो मोबाइल फोन तथा आवश्यक कागजात लूटकर फरार हो गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तुरंत लूट का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

- आरोपी नाबालिग को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के अधिकारी के समक्ष पेश कर बाल सुधार गृह भेजा

क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 के इंचार्ज मुकेश सैनी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 28 जनवरी को सेक्टर-26, चंडीगढ़ से 16 वर्षीय नाबालिग आरोपी को अभिरक्षा में लिया। जांच में सामने आया कि लूट की वारदात को तीनों आरोपियों ने मिलकर योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया था। लूट के बाद दोनों मुख्य आरोपियों ने मोबाइल फोन नाबालिग को आगे बेचने के लिए दिए थे। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने लूटे गए दोनों मोबाइल फोन बरामद कर लिए हैं। नाबालिग आरोपी को 28 जनवरी को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश कर बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि शेष दो आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# मोहाली में एक्साइज विभाग की बड़ी कार्रवाई, बिना लाइसेंस शराब परोसते पकड़ा गया मैरिज पैलेस



मोहाली, यूटर्न, 29 जनवरी। पंजाब में आबकारी नियमों के उल्लंघन पर सख्ती दिखाते हुए मोहाली में एक्साइज विभाग ने एक मैरिज पैलेस के खिलाफ कार्रवाई की है। गुरुवार को बनूर क्षेत्र स्थित एक रॉयल मैरिज पैलेस में बिना वैध परमिट के शराब परोसे जाने का मामला सामने आया, जिसके बाद विभाग ने तुरंत केस दर्ज करवाया।

एक्साइज विभाग की टीम ने एनफोर्समेंट अभियान के तहत कार्यक्रम के दौरान अचानक निरीक्षण किया। जांच में यह सामने आया कि मौके पर शराब परोसने के लिए जरूरी कानूनी अनुमति नहीं ली गई थी।

नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर एक्साइज विभाग ने मैरिज पैलेस प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मामला बनूर पुलिस थाना में दर्ज करवाया है। एक्साइज इंस्पेक्टर अशोक कुमार (खरड़) और गुरप्रीत सिंह (जीरकपुर) ने टीम के साथ यह कार्रवाई की। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान एक्साइज कमिश्नर जतिंदर जोरवाल, असिस्टेंट एक्साइज एंड टैक्सेशन कमिश्नर अशोक चलहोत्रा और ईटीओ दीवान चंद के निर्देशों पर चलाया जा रहा है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि मैरिज पैलेस, बैंक्वेट हॉल और अन्य कार्यक्रम स्थलों पर नियमित जांच जारी रहेगी। बिना अनुमति शराब परोसने या किसी भी तरह के एक्साइज नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

चंड़ीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

III शुक्रवार, 30 जनवरी 2026



पेज 08 कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंद के प्रयासों...

# जीएमसीएच कॉन्ट्रैक्ट सुरक्षा कर्मचारी यूनियन ने असिस्टेंट सिक्योरिटी ऑफिसर सुखपाल सिंह राणा को सेवानिवृत्ति पर किया सम्मानित



चंडीगढ़, यूटर्न, 29 जनवरी। जीएमसीएच कॉन्ट्रैक्ट सुरक्षा कर्मचारी यूनियन (पंजीकरण संख्या 589/2009) की ओर से जीएमसीएच, सेक्टर-32 परिसर में असिस्टेंट सिक्योरिटी ऑफिसर श्री सुखपाल सिंह राणा को उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस दौरान यूनियन की ओर से उन्हें शील्ड और शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सुरक्षा कर्मचारियों ने मुंह मीठा कराकर श्री राणा को भावभीनी विदाई दी और उनके लंबे व अनुकरणीय सेवाकाल की सराहना की। कर्मचारियों ने कहा कि श्री सुखपाल सिंह राणा ने अपने कार्यकाल के दौरान हमेशा सुरक्षा कर्मचारियों के साथ न्यायपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और मानवीय व्यवहार किया।

यूनियन सदस्यों ने कहा कि श्री राणा केवल एक अधिकारी नहीं, बल्कि सुरक्षा कर्मचारियों के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत रहे। उन्होंने कर्मचारियों को ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया तथा सीनियर-जूनियर का भेद किए बिना हर परिस्थिति में कर्मचारियों के साथ खड़े रहे।

कर्मचारियों ने कहा कि श्री राणा की कार्यशैली, नेतृत्व क्षमता और मानवीय दृष्टिकोण को हमेशा सम्मान के साथ याद किया जाएगा। उनका मार्गदर्शन और सहयोग सुरक्षा कर्मचारियों के लिए एक अमूल्य धरोहर है।

इस अवसर पर जीएमसीएच कॉन्ट्रैक्ट सुरक्षा कर्मचारी यूनियन और समस्त सुरक्षा कर्मचारियों ने श्री सुखपाल सिंह राणा के स्वस्थ, सुखद और उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा ईश्वर से उनके और उनके परिवार के लिए मंगलमय जीवन की प्रार्थना की।

# गांव दरिया में मामूली कहासुनी के बाद ऑटो चालक की चाकू से गोदकर हत्या, दड़वा में दहशत



अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 29 जनवरी। शांत माने जाने वाले चंडीगढ़ में एक बार फिर खूनी वारदात ने कानून-व्यवस्था की पोल खोल दी है इंडस्ट्रियल एरिया थाना के अंतर्गत गांव दरिया में बुधवार देर रात 11 बजे मामूली कहासुनी के बाद तीन युवकों ने एक ऑटो चालक को चाकुओं से गोदकर बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया। यह सनसनीखेज घटना गांव दरिया, गली नंबर-2 स्थित जेपी होटल के पास रात करीब एक बजे हुई, जिससे पूरा इलाका दहल उठा।

मृतक की पहचान गांव दरिया निवासी अरुण कुमार तिवारी के रूप में हुई है। अरुण चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर ऑटो चलाकर अपने परिवार का गुजारा करता था। रोज की तरह बुधवार रात भी वह काम खत्म कर घर लौट रहा था, लेकिन उसे क्या पता था कि यह उसकी जिंदगी की आखिरी रात होगी।

पुलिस के अनुसार रास्ते में अरुण की अपने ही इलाके के तीन युवकों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। चंद मिनटों में विवाद हिंसा में बदल गया। आरोपियों ने अचानक चाकू निकालकर अरुण पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल अरुण सड़क पर गिर पड़ा और खून से लथपथ हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अरुण को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



इस हत्या के बाद गांव दरिया इलाके में दहशत और गुस्से का माहौल है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में शराब और नशे के चलते आए दिन झगड़े होते रहते हैं, लेकिन अब हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि मामूली विवाद में खुलेआम हत्या हो रही है। लोगों ने इलाके में पुलिस गश्त बढ़ाने और नशे पर सख्ती की मांग की है।

## तीन आरोपी फरार, पुलिस की कई टीमें तैनात

इंडस्ट्रीयल एरिया थाना पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। तीनों आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं। घटनास्थल और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब शहर में सुरक्षा के इतने दावे किए जाते हैं, तो मामूली कहासुनी में चाकू निकल आना आखिर किस ओर इशारा करता है? गांव दरिया की यह वारदात सिर्फ एक हत्या नहीं, बल्कि चंडीगढ़ की कानून-व्यवस्था पर एक बड़ा सवाल है।

# पंजाब सिविल सेक्रेटेरिएट को बम से उड़ाने की धमकी, कर्मचारी दफ्तरों से निकले



चंडीगढ़, यूटर्न, 29 जनवरी। पंजाब सिविल सेक्रेटेरिएट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी मिलने के बाद सिविल सेक्रेटेरिएट के कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई है। जानकारी मिलने के बाद सीआएसएफ और खुफिया एजेंसियां एक्शन में आ गई हैं। वहीं धमकी के बाद एहतियातन हरियाणा सिविल सेक्रेटेरिएट को भी खाली करवा लिया गया है। सिविल सेक्रेटेरिएट के कर्मचारियों से कहा गया है कि घबराने की जरूरत नहीं है। धमकी की जानकारी के बाद एजेंसियों ने सावधानी से अपना काम शुरू कर दिया है। कल चंडीगढ़ के कई कॉन्वेंट स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, जिसके बाद स्कूलों को खाली करा लिया गया था। सिविल सेक्रेटेरिएट पंजाब और हरियाणा के कर्मचारियों से अपने ऑफिस छोड़कर बाहर निकलने की अपील की गई है, जिसके बाद कर्मचारी अपने ऑफिस खाली करके जा रहे हैं।

# PR-7 एयरपोर्ट रोड पर तेज रफ्तार का कहर: ऑटो को टक्कर मार ट्रॉले में घुसी फॉर्च्यूनर, तीन की मौके पर मौत



जीरकपुर, यूटर्न, 29 जनवरी। जीरकपुर के PR-7 एयरपोर्ट रोड पर आज उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर गाड़ी ने पहले सवारियों से भरे ऑटो को टक्कर मार दी और फिर सड़क किनारे खड़े ट्रॉले में जा घुसी। यह सड़क हादसा इतना भीषण था कि फॉर्च्यूनर में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, फॉर्च्यूनर कार बेहद तेज रफ्तार में थी, जिस कारण ड्राइवर वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और यह दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। फॉर्च्यूनर में सवार महिलाओं और छोटे बच्चों को गंभीर हालत में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं ऑटो में बैठी सवारियों को भी इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां सभी का उपचार जारी है। हादसा इतना भयानक था कि फॉर्च्यूनर का ड्राइवर गाड़ी के अंदर बुरी तरह फंस गया। पुलिस और स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब आधे घंटे में ड्राइवर को वाहन से बाहर निकाला। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है और हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है। इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर तेज रफ्तार वाहनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

Uturn Time 30 Jan 2026_Layout 2 29-01-2026 23:21 Page 6



# मां बगलामुखी धाम में आयोजित महायज्ञ बनेगा दान,तप व मानव जीवन को पवित्र करने का माध्यम : नायब सिंह सैणी


## हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैणी को दिया 243 घंटे के अखंड महायज्ञ का निमंत्रण

लुधियाना, यूटर्न, 29 जनवरी। मां बगलामुखी धाम पक्खोवाल रोड़ में आयोजित होने वाले 243 घंटे के अखंड महायज्ञ का निमंत्रण स्वीकार करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैणी ने कहा कि महंत प्रवीण चौधरी की देख-रेख में 11 फरवरी से 21 फरवरी के बीच हो रहा महायज्ञ दान, तप, मानव जीवन को पवित्र करने का माध्यम बनेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैणी ने आखंड महायज्ञ को सनातन संस्कृति का प्रतीक बताते हुए उन्होने लुधियाना की पवित्र धरती पर इतना बड़ा महाआयोजन देश की शांति में अहम भूमिका निभाएगा। महंत प्रवीण चौधरी ने कहा कि मां बगलामुखी धाम पक्खोवाल रोड़ जल्द शक्तिपीठों में शामिल होगा। प्राचीन समय में शक्ति पीठ बनाने के लिए ऋषियों मुनियों ने यज्ञ को अपनाना। अब मां बगलामुखी धाम के सेवक परिवार को जो सौभाग्य प्राप्त हुआ है। 11 फरवरी से 21 फरवरी के बीच होने वाला अखंड महायज्ञ बगलामुखी परिवार सेवकों की कड़ी मेहनत व लगन के



बीच यह स्थान शक्तिपीठों में जल्द ही शामिल होगा। उन्होंने कहा कि धाम के सेवक मां बगलामुखी के भक्तों को मां का बुलावा (आखंड महायज्ञ का निमंत्रण) भाव सहित भेंट कर रहे है। धाम के मुख्य सेवक मनजीत छतवाल,सेवक नमनजोत छतवाल,कर्ण शांडिल्या,मोहित सूद,राणा रणजीत सिंह ने बताया कि हजारों भक्त प्रतिदिन महायज्ञ में शामिल होकर आहुतियां डालेंगे। उन्होंने कहा कि यज्ञ में आने वाले भक्तों के लिए सुचारू व्यवस्था, यज्ञ के रास्तों में सूचना पट लगाए जाएगे ताकि भक्तों को कोई असुविधा ना हो।

## Happy Birthday



Vishal

## रूह से रूबरू

### हवाई जहाजों में न तो हमारी जान सुरक्षित है न ही हमारा स्वास्थ्य।



चारू नागपाल



हाल ही में एक पूर्व एयरलाइन क्रू मेंबर कैट का बयान चर्चा में आया है, जिसमें उन्होंने हवाई जहाज में मिलने वाली चाय-कॉफी को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उनके अनुसार, विमान में इस्तेमाल होने वाला पानी एक बड़े टैंक में संग्रहित रहता है, जिसकी नियमित और गहन सफाई नहीं कीजाती। इसी पानी से चाय-कॉफी बनाई जाती है और यही पानी शौचालयों तक भी पहुँचता है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या यह पानी हमारी सेहत के लिए सुरक्षित है? कैट का कहना है कि यात्रियों को उड़ान के दौरान गर्म पेय पदार्थ लेने से बचना चाहिए, क्योंकि दूषित पानी से बने पेय स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकते हैं। यह बात हमें सोचने पर मजबूर करती है कि जब हम महंगी टिकटें खरीदकर यात्रा करते हैं, तब भी क्या हमारी सेहत और सुरक्षा को प्राथमिकता मिल रही है? हवाई यात्रा को सुरक्षित और आरामदायक माना जाता है, लेकिन यदि बुनियादी स्वच्छता मानकों पर समझौता हो रहा है, तो यह गंभीर चिंता का विषय है। हाल में ही महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम की प्लेन क्रैश में मौत के बाद सवाल यह भी है कि क्या आम इंसान की कोई कीमत बची है या सुविधाओं और मुनाफे के आगे उसकी जिंदगी और सेहत गौण हो गई है? जरूरत है कि एयरलाइंस इस तरह के मुद्दों पर पारदर्शिता बरतें, पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित करें और यात्रियों का भरोसा बनाए रखें। आखिरकार, सुरक्षित यात्रा केवल गंतव्य तक पहुँचना नहीं, बल्कि स्वस्थ रहकर पहुँचना भी है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Prima Facie Case: पहली नजर में केस बनता है का क्या मतलब है?**

अदालतों के आदेशों और खबरों में अक्सर लिखा होता है—"Prima Facie Case बनता है।" कई लोग इसे अंतिम फैसला समझ लेते हैं, जबकि असल में इसका अर्थ काफी सीमित और तकनीकी होता है। Prima Facie का मतलब है—पहली नजर में, यानी उपलब्ध रिकॉर्ड के आधार पर प्रारंभिक संतुष्टि।

जब कोई मामला अदालत के सामने आता है, तो शुरूआत में यह नहीं देखा जाता कि आरोप पूरी तरह सिद्ध होंगे या नहीं। अदालत केवल यह जाँचती है कि शिकायत, दस्तावेज और शुरूआती सामग्री से ऐसा प्रतीत होता है या नहीं कि मामला आगे सुनवाई के योग्य है। यदि इस स्तर पर आरोप पूरी तरह निराधार न लगें, तो कहा जाता है कि Prima Facie Case मौजूद है।

यह समझना जरूरी है कि Prima Facie का मतलब दोष सिद्ध होना नहीं है। यह केवल दरवाजा खोलने जैसा होता है—ताकि साक्ष्य, गवाह और दलीलों के बाद सच्चाई की पूरी जाँच हो सके। कई मामलों में आगे चलकर यही Prima Facie Case मजबूत सबूतों के अभाव में गिर भी जाता है। अक्सर जमानत, चार्ज तय करने या अंतरिम आदेशों में यह शब्द इस्तेमाल होता है। अदालत इस चरण पर संतुलन बनाए रखती है—न तो आरोपी को दोषी ठहराती है, न ही शिकायत को बिना जाँच के खारिज करती है। यही न्यायिक संयम प्रक्रिया की बुनियाद है।

निष्कर्ष: Prima Facie Case निर्णय नहीं, दिशा है। यह बताता है कि मामला सुनवाई के योग्य है, न कि यह कि परिणाम क्या होगा। कानून में पहली नजर और अंतिम सच के बीच पूरी प्रक्रिया का फासला होता है—और वही न्याय की असली कसौटी है।

# श्री सुखमनी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में फ्रेशर्स और विदाई समारोह का भव्य आयोजन

डेराबस्सी, यूटर्न, 29 जनवरी। श्री सुखमनी कॉलेज ऑफ नर्सिंग के कॉलेज ऑडिटोरियम में जीएनएम 2025 बैच के लिए शानदार फ्रेशर वेलकम समारोह तथा जीएनएम 2022 बैच के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया।



यह कार्यक्रम उत्साह, भावनाओं और समृद्ध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से परिपूर्ण रहा। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. अरुण कुमार जिंदल, प्रिंसिपल, कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने किया। उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए नर्सिंग पेशे में निरंतर सीखने और स्मार्ट काम करने के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. जिंदल ने जोर देकर कहा कि ये गुण न केवल नर्सिंग देखभाल की गुणवत्ता बढ़ाते हैं, बल्कि अस्पतालों में कार्यभार को भी कम करने में सहायक होते हैं।

# CICU WEF ने 'मैच जर्नलिंग व मेडिटेशन' वर्कशॉप का किया आयोजन

लुधियाना, यूटर्न, 29 जनवरी। चैंबर ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल अंडरटेकिंग्स (CICU) के वूमन एंटरप्रेन्योर्स फोरम (WEF) द्वारा हाल ही में अपने सदस्यों के लिए 'मैच जर्नलिंग और मेडिटेशन' पर आधारित माइंडफुलनेस वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य व्यस्त पेशेवर जीवन में मानसिक शांति, आत्मचिंतन और संतुलन को बढ़ावा देना रहा। वर्कशॉप का संचालन वायु स्टूडियो से सहानु जैन और हरसिमरन कौर ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को 'मैच जर्नलिंग' की अवधारणा से परिचित कराया,



जो लेखन और ध्यान का संयोजन है और विचारों, भावनाओं व कार्यों में तालमेल स्थापित करने में मदद करता है। सत्र के दौरान अलग-अलग तरीकों से 'मैच मेकिंग' की प्रैक्टिकल तकनीकें बताई गईं, जिससे प्रतिभागियों को रुककर सोचने, आत्ममंथन करने और जीवन में स्पष्टता लाने का अवसर मिला। सदस्यों ने गाइडेड एक्सरसाइज और मेडिटेशन गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिनका उद्देश्य तनाव कम करना, मन को शांत करना और आत्म-जागरूकता को बढ़ाना था।

# बठिंडा में मुख्यमंत्री सेहत योजना का आगाज, मेयर की अगुवाई में खुले दो सीएससी सेंटर

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/29 जनवरी। पंजाब सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री सेहत योजना की वीरवार बठिंडा में शुरूआत मेयर पदमजीत सिंह मेहता की अगुवाई में हुई। योजना का उद्घाटन करते हुए मेयर मेहता ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल तथा राज्य सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस योजना के तहत पंजाबियों को 10 लाख रुपये तक का इलाज पूरी तरह मुफ्त मिलेगा। मेयर मेहता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बताया कि आज बठिंडा के परसराम नगर और खेता सिंह बस्ती में दो सीएससी सेंटर खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही शहर के प्रत्येक वार्ड में सीएससी सेंटर स्थापित किए जाएंगे, ताकि नागरिकों को कार्ड बनवाने के लिए दूर न जाना पड़े और उनके घर के पास ही सुविधा उपलब्ध हो सके। मेयर मेहता ने कहा कि यह योजना सेहतमंद और तंदुरुस्त पंजाब की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस कार्यक्रम में



सीनियर डिप्टी मेयर शाम लाल जैन, चेयरमैन मार्किट कमेटी बठिंडा बलजीत सिंह बल्ली, चेयरमैन जंगलात विभाग राकेश पुरी, पार्षद रतन राही, साधु सिंह, बलविंदर सिंह बिंदर, सोनी प्रधान, पंकज शर्मा, अश्वनी बंटी, जसविंदर बराड़, संदीप माहल, कोऑर्डिनेटर मैडम अलका हांडा सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित थे।

# डेराबस्सी में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान स्वास्थ्य योजना के तहत बनने लगे स्वास्थ्य कार्ड

## विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने पंजीकरण केंद्रों का किया दौरा, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

डेराबस्सी, यूटर्न, 29 जनवरी। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान स्वास्थ्य योजना के तहत डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस योजना के अंतर्गत डेराबस्सी, लालरू, हंडेसरा और जीरकपुर क्षेत्रों में स्थित कुल 13 सीएससी केंद्रों पर पंजीकरण कैंप लगाए गए, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपने स्वास्थ्य कार्ड बनवाए।



इस अवसर पर हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने विभिन्न पंजीकरण केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। विधायक रंधावा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान स्वास्थ्य योजना पंजाब सरकार की एक ऐतिहासिक और जन-कल्याणकारी योजना है, जिसके तहत प्रत्येक परिवार को एक वर्ष में 10 लाख रुपये तक का निःशुल्क और कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि महंगे इलाज के इस दौर में यह योजना गरीब और मध्यम वर्ग के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी नागरिक इलाज के अभाव में परेशान न हो और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं हर घर तक पहुंच सकें।

# लुधियाना पहुंचीं अमृता वड़िंग, कांग्रेस का एकता और औद्योगिक विकास का संदेश





लुधियाना, यूटर्न, 29 जनवरी। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता अमृता वड़िंग ने बुधवार को लुधियाना का दौरा कर पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और शहर के औद्योगिक विकास को नई दिशा देने का संकल्प दोहराया। आम लोगों और कार्यकर्ताओं से बातचीत के दौरान उन्होंने शासन में एकता, पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर दिया। अमृता वड़िंग ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों, औद्योगिक मजदूरों और छोटे व्यापारियों के साथ मजबूती से खड़ी है, जो लुधियाना की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने टेक्सटाइल और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि स्थायी विकास, उचित मजदूरी और रोजगार सृजन के लिए नीतिगत समर्थन जरूरी है। उन्होंने कौशल विकास और शिक्षा के बेहतर अवसरों पर भी बल दिया।

# मानव-वन्यजीव संघर्ष पर राज्य स्तरीय कार्यशाला, समाधान के लिए साझा प्रयासों पर जोर



जीरकपुर, यूटर्न, 29 जनवरी। पंजाब में बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष को लेकर वन एवं वन्यजीव संरक्षण विभाग पंजाब की ओर से गुरुवार को छत्तबीड़ चिड़ियाघर में राज्य स्तरीय एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मानव और वन्यजीवों के बीच टकराव की घटनाओं को कम करने और दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। कार्यशाला में वन विभाग के साथ-साथ सामान्य प्रशासन, पुलिस प्रशासन, पंचायती राज संस्थाओं, तकनीकी शिक्षण संस्थानों और गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने कहा कि मानवझ्रवन्यजीव संघर्ष केवल वन विभाग की समस्या नहीं है, बल्कि यह जन सुरक्षा, खेती और आजीविका से जुड़ा गंभीर मुद्दा बन चुका है।

इस अवसर पर प्रियांक भारती (आईएएस), सचिव वन एवं वन्यजीव संरक्षण विभाग पंजाब, बसंता राज कुमार (आईएफएस), मुख्य वन्यजीव वार्डन पंजाब, सतेंद्र कुमार सागर (आईएफएस), मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव), विशाल चौहान (आईएफएस), अजीत कुलकर्णी (आईएफएस) और नलिन यादव (आईएफएस), फील्ड डायरेक्टर छत्तबीड़ चिड़ियाघर सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# डेराबस्सी में ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले छात्रों पर सख्ती, जैन स्कूल के सामने बड़े पैमाने पर चालान

- ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट और दस्तावेजों के वाहन चलाने पर कार्रवाई



डेराबस्सी, यूटर्न, 29 जनवरी। सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए डेराबस्सी ट्रैफिक पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। इस दौरान स्थानीय बस स्टैंड के पास जैन स्कूल के सामने ट्रैफिक इंचार्ज सुरिंदर सिंह की अगुवाई में नाकाबंदी की गई। चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिलों और स्कूटरों पर तीन-तीन सवार (ट्रिपल राइडिंग) पाए जाने पर बड़ी संख्या में चालान किए गए। कई छात्र बिना हेलमेट और आवश्यक दस्तावेजों के वाहन चलाते हुए पकड़े गए।

ट्रैफिक इंचार्ज सुरिंदर सिंह ने बताया कि कई बार समझाने के बाद भी स्कूल के बच्चे नियमों का पालन नहीं करते, जिसके कारण इस बार कड़ी कार्रवाई करनी पड़ी। उन्होंने स्कूल प्रशासन और अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों को कम उम्र में वाहन न चलाने दें और ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करें। सुरिंदर सिंह ने स्पष्ट किया कि आने वाले दिनों में भी यह अभियान जारी रहेगा ताकि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने में मदद मिल सके।

Uturn Time 30 Jan 2026_Layout 2 29-01-2026 23:21 Page 8



# कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंद के प्रयासों से खन्ना में सीवरेज समस्या का समाधान, नई मशीनरी का मंत्री ने किया उद्घाटन

## कैबिनेट मंत्री सौंद के प्रयासों से खन्ना को मिली करीब 1 करोड़ रुपये की आधुनिक सीवरेज मशीनरी, तंग गलियों की सफाई होगी आसान

नवीन गोगना

खन्ना, लुधियाना, युटर्न, 29 जनवरी। खन्ना शहरवासियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है कि लंबे समय से शहर की तंग गलियों और मोहल्लों में सीवरेज की सफाई के लिए मशीनरी की भारी कमी बनी हुई थी। इसके कारण कई इलाकों में गंदा पानी जमा रहता था और सीवरेज लाइनों की सही ढंग से सफाई नहीं हो पा रही थी। अब इस गंभीर समस्या को ध्यान में रखते हुए पंजाब के कैबिनेट मंत्री एवं खन्ना से विधायक तरुणप्रीत सिंह सौंद के अथक प्रयासों से पंजाब सरकार से करीब एक करोड़ रुपये मूल्य की आधुनिक सीवरेज मशीनरी



प्राप्त की गई है। कैबिनेट मंत्री श्री तरुणप्रीत सिंह सौंद ने बुधवार को नगर परिषद कार्यालय, खन्ना में इस मशीनरी का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह मशीनरी विशेष रूप से तंग गलियों और मोहल्लों में सीवरेज की सफाई के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, जहां पहले बड़ी मशीनें नहीं पहुंच पाती थीं। अब खन्ना शहर के कई इलाकों में सफाई का कार्य तेजी और सुव्यवस्थित ढंग से किया जाएगा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री सौंद ने कहा कि देश की आजादी से लेकर अब तक खन्ना नगर परिषद पर पिछली सरकारों का कब्जा रहा, लेकिन उन्होंने शहर के बुनियादी विकास की ओर कभी गंभीर ध्यान नहीं दिया।

# एन.एच.ए.आई. पैटर्न और हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल से उच्च गुणवत्ता वाली सड़कों और 10 वर्षों तक उनके रख-रखाव की होगी गारंटी

नवीन गोगना

चंडीगढ़, युटर्न, 29 जनवरी। राज्य में शहरी सड़क अवसंरचना को अपग्रेड करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने साहिबजादा अजीत सिंह नगर (मोहाली) में ह्लनेक्स्ट जेनरेशन रोड रेनोवेशन प्रोग्रामह्व की शुरूआत की है। इस पहल के तहत राज्य के प्रमुख शहरी केंद्र मोहाली की मुख्य सड़कों और अहम जंक्शनों का तेजी से उन्नयन किया जाएगा, ताकि सड़क संपर्क को बेहतर बनाया



जा सके और यात्रियों के लिए निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित हो सके। यह परियोजना 10 वर्षों के रख-रखाव सहित टिकाऊ सड़क अवसंरचना सुनिश्चित करने के लिए एन.एच.ए.आई. पैटर्न और हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल (एच.ए.एम.) के तहत लागू की जाएगी।

आज यहां पंजाब भवन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए आवास निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री सरदार हरदीप सिंह मुंडियां ने कहा कि मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार लोगों के लिए बेहतर सड़क संपर्क और सुचारू यातायात सुविधाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य भर में सड़क अवसंरचना को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयासरत है।

# बुनियादी सुविधाओं के मामले में किसी भी क्षेत्र को वंचित नहीं रहने दिया जाएगा – विधायक बग्गा



लुधियाना/यूटर्न/29 जनवरी। मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा आम जनता को बुनियादी सुविधाएँ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकास कार्यों हेतु लगातार ग्रांटें जारी की जा रही हैं। इसके तहत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि विधानसभा क्षेत्र लुधियाना उत्तर का कोई भी इलाका विकास के मामले में पीछे न रहे। इन शब्दों की अभिव्यक्ति विधानसभा क्षेत्र लुधियाना उत्तर से विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने स्थानीय न्यू अमन नगर स्थित भगवान दास कॉलोनी में गलियों के निर्माण कार्यों का उद्घाटन करते हुए की। विधायक मदन लाल बग्गा ने कहा कि लुधियाना उत्तर क्षेत्र में विकास कार्य दिन-रात जारी हैं तथा चुनावों के दौरान दी गई गारंटियों को भी धरातल पर उतारा जा रहा है। इन गारंटियों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मजबूत बुनियादी ढांचा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं। उन्होंने बताया कि विधायक जनता के दरबार अभियान के तहत शहर की सभी सड़कों, गलियों और नालियों को पक्का किया जाएगा तथा जनता को आने वाली हर समस्या का समाधान लोगों के बीच रहकर और उनके साथ खड़े होकर किया जाएगा।

# गणतंत्र दिवस पर पर्यावरण व समाज सेवा के लिए अनिता शर्मा को जिला स्तरीय सम्मान



लुधियाना/यूटर्न/29 जनवरी। गणतंत्र दिवस पर लुधियाना जिले में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में नव किरण वुमन वेलफेयर एसोसिएशन की प्रेजिडेंट एवं प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता आर्किटेक्ट अनिता शर्मा को उनके उल्लेखनीय सामाजिक योगदान के लिए डिस्ट्रिक अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस समारोह में कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर सरकारी कर्मचारी, स्वतंत्रता सेनानी तथा समाज सेवा में सक्रिय अनेक सामाजिक कार्यकताओं को भी सम्मान प्रदान किया गया। अनिता शर्मा को यह सम्मान पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीव एवं जीव-जंतुओं की रक्षा तथा समाज सेवा के क्षेत्र में किए गए निरंतर और समर्पित प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। उनकी संस्था नव किरण वुमन वेलफेयर एसोसिएशन लंबे समय से महिला सशक्तिकरण, नशा मुक्ति अभियान, शिक्षा, करियर काउंसलिंग एवं महिला स्किल डेवलपमेंट जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर सक्रिय रूप से कार्य कर रही है।

# लुधियाना की यूट्यूब गायिका की कैसेट बनवाने का झांसा दे किया रेप, मारी दो लाख की ठगी

लुधियाना/यूटर्न/29 जनवरी। लुधियाना की यूट्यूब गायिका से एक व्यक्ति ने कैसेट निकालने का झांसा देकर पहले रेप किया और फिर उससे 1.91 लाख रुपए भी हड़प कर लिए। जब पीड़िता को शोषण होने का पता चला तो उसने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने 5 महीने की जांच के बाद आरोपी पर एक्शन लिया है। थाना बस्ती जोधेवाल की पुलिस ने महिला की शिकायत पर पटियाला के



राजविंदर सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। अभी तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है। एएसआई जसपाल सिंह अनुसार पीड़िता ने पिछले साल 17 सितंबर को शिकायत दी थी। उसने बताया कि लुधियाना में गीतों की ट्रेनिंग ले रही थी। कई गीत यूट्यूब पर आ गए। जून 2024 में राजविंदर से फोन पर बात हुई। इसके बाद उससे मुलाकात हुई। 19 मार्च 2025 को 3.32 बजे अपने जीजा परमजीत के घर बुलाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। उसी दिन आरोपी ने उससे मोबाइल पर पैसे डलवाए और कैसेट निकलवाने की बात कही। उसने उसकी बातों पर विश्वास कर लिया। लेकिन आरोपी बाद में मुकर गया।

# PR-7 एयरपोर्ट रोड पर भीषण सड़क हादसा, तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर ने ऑटो व ट्राले को मारी टक्कर, तीन की मौत

## एयरपोर्ट रोड पर खून से लाल हुई सड़क, फॉर्च्यूनर की टक्कर से तीन की मौत, दो घायल

**जीरकपुर, यूटर्न, 29 जनवरी। जीरकपुर के एयरपोर्ट रोड पर वीरवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला कर रख दिया। तेज रफ्तार सफेद फारच्यूनर कार सड़क किनारे खड़े 16 टायर वाले ट्राले में जा घुसी, जिससे कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर की आवाज धमाके जैसी सुनाई दी और फारच्यूनर पूरी तरह चकनाचूर हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एस.एस.एफ. (स्टेट स्पेशल फोर्स) की टीम ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को गाड़ी से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं, पुलिस ने ट्रैफिक जाम को खुलवाकर यातायात को सुचारू किया।**





### आधी से ज्यादा कार ट्राले के नीचे घुसी

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि फारच्यूनर का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया और कार का आधे से ज्यादा हिस्सा ट्राले के नीचे फंस गया। आसपास मौजूद लोगों ने तेज धमाके की आवाज सुनी और मौके पर दौड़कर पहुंचे। लोगों ने देखा कि कार में सवार लोग बुरी तरह फंसे हुए थे और चीख-पुकार मची हुई थी। हादसे में अमरीक सिंह (68), बलबीर सिंह (70) और हरजीत सिंह (35) की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है।



### पुलिस जांच में जुटी

हादसे के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह तेज रफ्तार और चालक का संतुलन खोना मानी जा रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है।

> एक जोरदार धमाके जैसी आवाज आई। जब हमने देखा तो कार आधी ट्राले के नीचे घुसी हुई थी। अंदर लोग बुरी तरह फंसे थे।
> एस.एस.एफ. अधिकारी : सुनील कुमार

### एस.एस.एफ. ने चलाया रैस्क्यू आपरेशन

जानकारी अनुसार, दोपहर करीब साढ़े 3 और 4 बजे के बीच एयरपोर्ट रोड पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे की सूचना मिलते ही सड़क सुरक्षा फोर्स तुरन्त घटनास्थल के लिए रवाना हुई, जिसने ट्राले के नीचे फंसी फॉरच्यूनर कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने की कार्रवाई शुरू की। दूसरी ओर, ट्राले के पिछली ओर फारच्यूनर कार इस तरह से फंसी हुई थी कि गाडी का अगला हिस्सा बुरी तरह से पिचक चुका था, जिसमें सवार लोगों के शरीर से खून बह रह था और एस.एस.एफ. ने गाडी के ऊपर चढ़ करके लोहे की रॉड की मदद से गाडी के दरवाजों को तोड़ना शुरू किया। वहीं, कड़ी मशक्कत के बाद अधिकारी लोहे की राड व कटर की मदद से दरवाजों को तोड़ने में कामयाब हुए, जिसके बाद गाडी के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकालना शुरू किया। जबकि गाडी में ड्राइवर सीट, उसकी पिछली सीट और साथ वाली सीट पर बैठे लोगों की लाश ही बाहर निकली और बाकी लोगों को बाहर निकाला तो उनको एंबुलैंस की मदद से इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। एस.एस.एफ. के अधिकारी सुनील ने बताया कि हादसा इतना दर्दनाक था कि उनकी टीम को ट्राले के नीचे फंसी फारच्यूनर गाडी को बाहर निकालने में कड़ी मशक्कत का सामना करना पडा। उनकी टीम द्वारा गाडी में से निकाले गए लोगों में से 3 लोग मृत मिले, जिसके बाद आगामीं जांच स्थानीय पुलिस अधिकारियों द्वारा अंजाम दिया जा रहा है।

### यम्मी जंगल रेस्टोरेंट के पास हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार, यह हादसा वीरवार करीब 3 :30 बजे एयरपोर्ट रोड पर स्थित यम्मी जंगल नामक रेस्टोरेंट के पास हुआ। मोहाली नंबर की सफेद फारच्यूनर में चालक समेत कुल 8 लोग सवार थे। सभी लोग अंबाला-चंडीगढ़ हाईवे से मैकडोनाल्ड चौक होकर मोहाली की ओर जा रहे थे। रामगढ़-भुडढा और शताबगढ़ लाइट प्वाइंट पार करने के बाद चालक ने सड़क खाली समझते हुए वाहन की रफ्तार तेज कर दी। कुछ ही दूरी तय करने के बाद चालक का वाहन से अचानक संतुलन बिगड़ गया। इसके बाद कार पहले सड़क किनारे खड़े एक थ्री-व्हीलर से टकराई और फिर सीधे आगे खड़े 16 टायर वाले ट्राले के पिछले हिस्से में जा घुसी।

# चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव संपन्न, भाजपा के सौरभ जोशी बने नए मेयर



**चंडीगढ़, यूटर्न, 29 जनवरी। चंडीगढ़ नगर निगम के वार्षिक मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पद के चुनाव बुधवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गए। इस बार चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिला और मतदान हाथ उठाकर किया गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी सौरभ जोशी ने 18 पार्षदों का समर्थन हासिल कर मेयर पद पर जीत दर्ज की। वहीं भाजपा के जसमनप्रीत सिंह सीनियर डिप्टी मेयर और हाल ही में आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुई सुमन शर्मा डिप्टी मेयर चुनी गई।**

### नवनिर्वाचित मेयर से जनहित की अपेक्षा

चुनाव परिणाम आने के बाद समाजसेवी राजबीर सिंह ने नवनिर्वाचित मेयर सौरभ जोशी और उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि—
मेयर अब किसी एक पार्टी के नहीं, बल्कि पूरे चंडीगढ़ के होंगे।
नया प्रशासन दलगत राजनीति से ऊपर उठकर शहर के विकास को प्राथमिकता देगा।
अधूरे पड़े प्रोजेक्ट्स, खासकर डड्डूमाजरा डंपिंग ग्राउंड की समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाएगा। — राजबीर सिंह, समाजसेवी, चंडीगढ़

### पिछले कार्यकाल का संघर्ष और ऐतिहासिक मोड़

**इस मौके पर प्रसिद्ध समाजसेवी राजबीर सिंह ने नगर निगम के पिछले घटनाक्रमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि निगम के पांच वर्षीय कार्यकाल में तीसरी टर्म का चुनाव लोकतांत्रिक इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि गठबंधन (आप-कांग्रेस) के उम्मीदवार कुलदीप कुमार ढिल्लों उर्फ टीटा को भाजपा की कथित अनियमितताओं के खिलाफ लंबी कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी थी। माननीय सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक आदेश के बाद ही कुलदीप टीटा मेयर बन पाए थे, जबकि कांग्रेस के जसबीर सिंह बंटी सीनियर डिप्टी मेयर और तरुणा मेहता डिप्टी मेयर बनी थीं।**

# आर.जे.पी.एल लीग के छठे दिन लुधियाना किंग्स ने अपने प्रतिद्वंदी रिजमैन रेंजर्स को 92 रन से मात दी



लुधियाना/यूटर्न/29 जनवरी। जीआरडी अकेडमी हंबडा रोड में जैन एंड अग्रवाल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा करवाये जा रहे आर.जे.पी.एल लीग के सातवें संस्करण के छठे दिन टीमों के मध्य 12-12 ओवर्स के पांच मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला चिन्मय सुपरकिंग्स और ऐ.के.निंजा के मध्य हुआ। जिसमें चिन्मय सुपरकिंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 162 रन बनाए, जवाब में ऐ.के.निंजा 9 विकेट पर 147 रन ही बना सकी। चिन्मय सुपरकिंग्स ने 15 रन से ये मैच जीत लिया। दूसरा मुकाबला भी रोमांच से भरपूर रहा। जो सुदर्शन टाइगर्स व के बिस्ट्रो नाइट राइडर्स के बीच खेला गया।

सुदर्शन टाइगर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट पर 176 रन बनाए, वहीं बिस्ट्रो नाइट राइडर्स 6 विकेट पर 138 रन ही बना सकी। पांचवां व अंतिम मैच विधाता वारियर्स व सी .एम.बुल्स के मध्य हुआ। जिसमें विधाता वारियर्स ने 3 विकेट पर 156 रन बनाए। जिसके जवाब में सी.एम.बुल्स 5 विकेट पर मात्र 97 रन ही बना पाई और विधाता वारियर्स ने सी.एम.बुल्स को 59 रन की करारी मात दी। सुपर सिक्स में लुधियाना किंग्स, एन.के इलेवन,मोमेंट्स स्टार,विधाता वारियर्स, सुदर्शन टाइगर्स, गोयल नाइट राइडर्स ने क्वालीफाई किया है। इस अवसर पर पुलकित जैन, मुकुल मित्तल, कैमी जैन, संभव जैन, हैप्पी जैन, नाना जैन, संचिता जैन, संचित जैन, नमित जैन, रचित जैन आदि का विशेष सहयोग रहा।

# हलबारा हवाई अड्डे के वर्चुअल उद्घाटन से पहले डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने तैयारियों का लिया जायजा

**नवीन गोगना**



**लुधियाना, यूटर्न, 29 जनवरी। 1 फरवरी को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हलबारा हवाई अड्डे के प्रस्तावित वर्चुअल उद्घाटन को लेकर लुधियाना के डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने बुधवार को हलबारा हवाई अड्डे का दौरा कर तैयारियों की समीक्षा की और जमीनी व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया।**

दौरे के दौरान डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने साइट का निरीक्षण किया तथा वर्चुअल उद्घाटन समारोह के लिए बुनियादी ढांचे, सुरक्षा प्रबंधों, संबंधित विभागों के बीच तालमेल और समग्र लॉजिस्टिक योजना से जुड़ी तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सिविल प्रशासन और अन्य विभागों के अधिकारियों को सभी लंबित कार्य समय पर पूरा करने तथा संबंधित एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए।

डिप्टी कमिश्नर ने जोर देकर कहा कि उद्घाटन समारोह के सुचारू संचालन और निर्धारित प्रोटोकॉल के पालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी व्यवस्थाएं पहले से पूरी कर ली जानी चाहिए।

जिला प्रशासन हलबारा हवाई अड्डे के उद्घाटन को लेकर सभी संबंधित एजेंसियों के साथ नजदीकी तालमेल में काम कर रहा है। इससे हवाई संपर्क में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होने के साथ-साथ क्षेत्र में औद्योगिक और आर्थिक विकास को भी गति मिलने की उम्मीद है।

# 42.9 किलोग्राम हेरोइन, 4 हैंड ग्रेनेड, एक पिस्तौल बरामद

## इसके बाद की गई जांच के दौरान दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया; आगे की जांच जारी: डीजीपी गौरव यादव

नवीन गोगना

चंडीगढ़/अमृतसर, यूटर्न, 29 जनवरी। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के अनुसार पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए चलाई जा रही विशेष मुहिम के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने विलेज डिफेंस कमेटी (वीडीसी) के सहयोग से 42.9 किलोग्राम हेरोइन, चार हैंड ग्रेनेड और एक स्टार-मार्क पिस्तौल सहित 46 जिंदा कारतूस बरामद कर सीमा पार से संचालित नार्को-आतंकवादी नेटवर्क का पदार्फाश किया है। यह जानकारी आज यहां पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी।

यह ऑपरेशन वीडीसी—पंजाब सरकार की एक प्रमुख पहल, जिसका उद्देश्य आंतरिक सुरक्षा और नशा विरोधी प्रयासों में सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करना है—के माध्यम से प्राप्त कार्रवाई योग्य और विश्वसनीय खुफिया सूचना के आधार पर चलाया गया।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया



कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बरामद किए गए नशीले पदार्थ, हथियार और विस्फोटक सामग्री अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से ड्रोन के जरिए भेजी गई थी, जिससे इस खेप में संगठित सीमा पार नार्को-आतंकवादी नेटवर्क की संलिप्तता का संकेत मिलता है।

डीजीपी ने बताया कि इसके बाद की गई जांच के दौरान अमृतसर के रहने वाले दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है। फरार आरोपियों का पता लगाने, बरामदगी की कड़ी को जोड़ने और व्यापक साजिश का खुलासा करने के लिए आगे की जांच जारी है।

इस ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए बॉर्डर रेंज के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीआईजी) संदीप गोयल ने बताया कि वीडीसी नेटवर्क के माध्यम से प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने गांव ऊठियां में एक मोटरसाइकिल को रोका।

उन्होंने बताया कि पुलिस की मौजूदगी का पता चलते ही संदिग्ध व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर खेप सहित मोटरसाइकिल छोड़कर पास के खेतों की ओर फरार हो गए। पुलिस टीमों ने तुरंत आसपास के खेतों में योजनाबद्ध तलाशी अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप नशीले पदार्थों, हथियारों और विस्फोटकों की खेप बरामद की गई।

सीनियर सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (एसएसपी) अमृतसर ग्रामीण सुहेल कासिम मीर ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने, आगे-पीछे के संबंधों का पता लगाने और पूरे नेटवर्क का पदार्फाश करने के लिए आगे की जांच जारी है।

इस संबंध में एफआईआर नंबर 26, दिनांक 29.01.2026 को थाना राजासांसी, अमृतसर ग्रामीण में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 25 तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 3, 4 और 5 के तहत दर्ज की गई है।

# पीयू के पी.एच.डी स्कॉलर सरताज सिंह को गणतंत्र दिवस के अवसर पर मिला मेयर अवॉर्ड

## शिक्षा, रिसर्च व साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए हुए सम्मानित

चंडीगढ़, युटर्न, 29 जनवरी। पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के सेंटर फॉर दी स्टडी ऑफ सोशल इंक्लूजन में राजनीति विज्ञान विषय के पी.एच.डी रिसर्च स्कॉलर सरताज सिंह को शिक्षा, रिसर्च और साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए 26 जनवरी 2026 को चंडीगढ़ मेयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान गणतंत्र दिवस के अवसर पर चंडीगढ़ की मेयर श्रीमती हरप्रीत कौर व नगर निगम कमीशनर श्री अमित कुमार, आई.ए.एस के द्वारा प्रदान किया गया।

सरताज सिंह इससे पहले भी साहित्य और लेखन के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। उन्हें भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की ओर से प्रधानमंत्री युवा लेखक पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। इसके अलावा उन्हें शैक्षणिक उपलब्धियों, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों और



सामाजिक सेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पंजाब यूनिवर्सिटी के द्वारा राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया है और लेखन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सरताज सिंह को पीयू के द्वारा डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी गोल्ड मेडल से नवाजा जा चुका है।

इसके अतिरिक्त पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ की वाइस चांसलर के द्वारा उन्हें बेस्ट ऑल राउंडर यूनिवर्सिटी स्टूडेंट अवॉर्ड भी प्रदान किया गया है। अब तक सरताज सिंह भारत के विभिन्न कॉलेजो व यूनिवर्सिटीयो के द्वारा आयोजित 100 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की निबंध लेखन प्रतियोगिताओं में विजेता रह चुके हैं।

इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए सरताज सिंह ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए अत्यंत गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा, यह अवॉर्ड केवल मेरा नहीं है, बल्कि मेरे शिक्षकों, परिवार और उन सभी लोगों का है जिन्होंने मुझे निरंतर सीखने और समाज के लिए लिखने की प्रेरणा दी। मैं आगे भी शिक्षा, शोध और साहित्य के माध्यम से सामाजिक समावेशन और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करने का प्रयास करता रहूंगा।

वहीं, इस मौके पर चंडीगढ़ के पूर्व मेयर एवं पंजाब यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ सीनेट मेंबर देवेश मौदगिल ने सरताज सिंह को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि सरताज जैसे प्रतिभाशाली युवा शोधार्थी विश्वविद्यालय और समाज दोनों के लिए गर्व का विषय हैं।

उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि सरताज सिंह भविष्य में भी शिक्षा, शोध और साहित्य के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य करते रहेंगे और नई पीढ़ी के विद्यार्थियों को प्रेरणा देंगे। मेरी शुभकामनाएं उनके साथ है।

# पंजाब निवासियों के लिए चंडीगढ़ को हथियार लाइसेंस के अधिकार क्षेत्र में शामिल करने हेतु स्पीकर ने अमित शाह को लिखा अर्ध-सरकारी पत्र

नवीन गोगना

चंडीगढ़, युटर्न, 29 जनवरी। पंजाब विधानसभा के स्पीकर सरदार कुलतार सिंह संधवां ने केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह को एक अर्ध-सरकारी पत्र लिखकर चंडीगढ़ को पंजाब के निवासियों के लिए हथियार लाइसेंस के अधिकार क्षेत्र में शामिल करने की मांग की है।




उन्होंने शस्त्र अधिनियम के तहत कुछ संशोधनों की आवश्यकता पर जोर दिया। उल्लेखनीय है कि मौजूदा नियमों के अनुसार पंजाब के निवासियों को चंडीगढ़ में लाइसेंसशुदा हथियार रखने के लिए अलग से अनुमति के लिए आवेदन करना पड़ता है, जिसके कारण उन्हें अनावश्यक देरी और असुविधा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने लिखा कि जब पंजाब के निवासी हथियार लाइसेंस के लिए आवेदन करते हैं, तो उसमें अधिकार क्षेत्र केवल पंजाब राज्य तक ही सीमित होता है।

उन्होंने आगे लिखा कि चंडीगढ़, पंजाब की राजधानी होने के कारण राज्य का प्रशासनिक केंद्र है। पंजाब के बड़ी संख्या में निवासी चंडीगढ़ में रहते हैं और अक्सर सरकारी तथा निजी कार्यों के सिलसिले में चंडीगढ़ आते-जाते रहते हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए जब पंजाब के निवासियों को हथियार लाइसेंस जारी किया जाता है, तो चंडीगढ़ को भी उसके अधिकार क्षेत्र में स्वतः शामिल करना पूरी तरह से तर्कसंगत और व्यावहारिक होगा। उन्होंने गृह मंत्री श्री अमित शाह से विनम्रतापूर्वक अनुरोध किया कि वे संबंधित नियमों/दिशा-निर्देशों में संशोधन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करना सुनिश्चित करें।

# प्रोफाइल @ सौरभ जोशी, छात्र राजनीति से चंडीगढ़ के मेयर तक

चंडीगढ़/यूटर्न/29 जनवरी। चंडीगढ़ के नए चुने गए मेयर सौरभ जोशी वैचारिक मजबूती और संगठनात्मक लगन का मेल हैं। पंजाब



यूनिवर्सिटी से लॉ ग्रेजुएट जोशी दूसरी पीढ़ी के आरएसएस स्वयंसेवक और लंबे समय से बीजेपी कार्यकर्ता हैं, जिनकी जड़ें छात्र राजनीति में गहरी जमी हुई हैं। उनकी राजनीतिक यात्रा पंजाब यूनिवर्सिटी कैंपस से शुरू हुई, जहाँ उन्होंने अइइछ उम्मीदवार के तौर पर पंजाब यूनिवर्सिटी स्टूडेंट काउंसिल के प्रेसिडेंट और जनरल सेक्रेटरी के चुनाव लड़े। इन शुरूआती लड़ाइयों ने उनकी राजनीतिक ट्रेनिंग को आकार दिया और उन्हें जमीनी स्तर पर लोगों को जोड़ने और संगठनात्मक अनुशासन से परिचित कराया।

## २९ साल में बन गए थे पार्षद...

सिर्फ 29 साल की उम्र में बीजेपी पार्षद चुने जाने के बाद, जोशी ने पार्टी में धीरे-धीरे अपना कद बढ़ाया और एक पैराशूट नेता के बजाय एक समर्पित कार्यकर्ता के तौर पर अपनी पहचान बनाई। उनका उदय एक मजबूत पारिवारिक विरासत से भी जुड़ा है। वह दिवंगत जय राम जोशी के बेटे हैं, जो बीजेपी चंडीगढ़ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष थे, जिन्हें उनकी सिद्धांतवादी राजनीति और सादगी के लिए प्यार से ₹चंडीगढ़ के महात्मा गांधीर के रूप में याद किया जाता है।

- **सफलता का श्रेय कामों को दिया...**मेयर चुने जाने के बाद, जोशी ने अपनी सफलता का श्रेय 14 साल के लगातार राजनीतिक काम को दिया और बीजेपी कार्यकर्ताओं, खासकर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान विकास, सुशासन और पारदर्शिता को प्राथमिकता देने का वादा किया है।
- **बीजेपी चंडीगढ़ में हुई मजबूत...**अब जब बीजेपी चंडीगढ़ के नागरिक नेतृत्व पर मजबूती से काबिज है, तो सौरभ जोशी के मेयर पद पर बारीकी से नजर रखी जाएगी – न सिर्फ एक व्यक्तिगत उपलब्धि के तौर पर, बल्कि भारत के सबसे राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण शहरों में से एक में पार्टी के शासन के वादे की परीक्षा के तौर पर भी।

# मेडिकल कोर्स में कोटा पाने के लिए जाट बना बौद्ध, सुप्रीम कोर्ट ने इसे नया फ्रॉड बताया

लुधियाना/यूटर्न/29 जनवरी। वाह ! यह एक नए तरह का फ्रॉड है,₹ भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने हरियाणा के हिसार के रहने वाले निखिल कुमार पूनिया और एक अन्य व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह बात कही। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मेरठ में सुभारती मेडिकल कॉलेज, जो एक बौद्ध अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान है, में बौद्ध अल्पसंख्यक कोटे के तहत पोस्टग्रेजुएट मेडिकल कोर्स में एडमिशन मांगा था। आप पूनिया हैं? आप किस अल्पसंख्यक समुदाय से हैं? अब मैं यह सीधे-सीधे पूछता हूं। आप कौन से पूनिया हैं, चीफ जस्टिस ने पूछा, जो खुद हिसार के रहने वाले हैं। जब याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता जाट पूनिया समुदाय से है, तो चीफ जस्टिस ने हैरानी जताई कि वह अल्पसंख्यक का दर्जा कैसे क्लेम कर सकता है। वकील ने कहा कि पूनिया ने बौद्ध धर्म अपना लिया है और धर्म बदलना उनका अधिकार है।



## यह फ्रॉड का नया तरीका

चीफ जस्टिस कांत ने कहा कि यह फ्रॉड का एक और तरीका है... आप किसी असली अल्पसंख्यक (उम्मीदवार) के अधिकार छीनना चाहते हैं.... आप सबसे अमीर, सबसे अच्छी जगह रहने वाले, ऊंची जाति के समुदायों में से एक हैं... जिनके पास खेती की जमीनें हैं और सुविधाएं हैं। जब याचिकाकर्ता के वकील ने जोर देकर कहा कि ₹हमने सच में बौद्ध धर्म अपनाया है,₹ तो बेंच ने पलटकर कहा, ₹तो फिर सब लोग ऐसा करने लगेंगे... ऊंची जाति के लोग (दूसरे धर्म) अपनाने लगेंगे.... हमें और कमेंट करने पर मजबूर न करें। यह देखते हुए कि उम्मीदवारों ने ठएएळ-ढत्रॄ 2025 के लिए जनरल कैटेगरी के उम्मीदवारों के तौर पर अप्लाई किया था और कहा था कि वे आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों से नहीं हैं, बेंच ने याचिका खारिज कर दी। याचिका खारिज करते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने अल्पसंख्यक सर्टिफिकेट देने में अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं के मुद्दे को आगे विचार के लिए रखा, और हरियाणा के मुख्य सचिव की रिपोर्ट का इंतजार किया।

## अल्पसंख्यक सर्टिफिकेट के लिए क्या गाइडलाइंस

बेंच ने पूछा कहा कि हरियाणा के मुख्य सचिव बताएं : अल्पसंख्यक सर्टिफिकेट जारी करने के लिए क्या गाइडलाइंस हैं? क्या किसी ऊंची जाति के जनरल कैटेगरी के उम्मीदवार के लिए, जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों में नहीं आता है और जिसने पिछले आवेदन में खुद को 'जनरल' बताया था, बाद में खुद को बौद्ध अल्पसंख्यक बताना सही है?। उसने जानना चाहा कि रऊ्ड ने याचिकाकताओं को किस आधार पर अल्पसंख्यक सर्टिफिकेट जारी किए।

# स्कूली बस का एक्सीडेंट, तेज रफ्तार के दौरान खोया संतुलन, हुआ बचाव

पंजाब/यूटर्न/29 जनवरी। पंजाब के संगरुर में उपली रोड पर वीरवार सुबह स्कूल बस का एक्सीडेंट हो गया। हादसा के बाद छात्रों को लोगों ने सुरक्षित बस से बाहर निकाल लिया। बस में करीब 5 से 7 छात्र ही बैठे थे। लोगों ने जब बस हादसाग्रस्त देखी तो तुरंत शोर मचाया और राहत कार्य शुरू किया। हादसे के कारण पावरकाम का पोल भी उखड़ गया। घटना स्थल पर पावरकाम के अधिकारी भी पहुंचे। अधिकारियों के मुताबिक उनका करीब 25 से 30 हजार का नुकसान हुआ है। अधिकारियों अनुसार बस की स्पीड अधिक थी जिस कारण ये हादसा हुआ लेकिन बस ड्राइवर मुताबिक वह बस नार्मल स्पीड पर चला रहा था। सामने से दो गाड़ियां आ गई। उससे बस अचानक कच्ची सड़क पर आ गई जिस कारण बस का एक्सीडेंट हो गया। जानकारी देते हुए बस के ड्राइवर सुखविंदर सिंह ने कहा कि वह पिछले 5 साल से दयानंद आर्य समाज की बस चलाते है। आज सुबह सड़क पर सामने से दो गाड़ियां इक्ट्ठी आ गई। जिस कारण उसने बस कच्चे रास्ते पर उतार ली। वह रास्ता काफी नर्म था जिस कारण उनकी बस को दूसरी गाड़ी साथ ही खीचीं गई। उनकी बस के शीशा और पावरकाम के पोल टूट गए है। बस में बच्चे 8वीं, 6वीं और 10वीं वाले बच्चे थे। सभी बच्चे सुरक्षित है। उन्हें सकुशल स्कूल भेज दिया है।




# पंजाब और हरियाणा सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी, प्रशासन द्वारा खाली कराया गया

चंडीगढ़/यूटर्न/29 जनवरी। चंडीगढ़, गुरुग्राम और करनाल के कई दर्जन स्कूलों को बम की धमकी मिलने और स्कूलों को खाली कराने के एक दिन बाद, गुरुवार सुबह नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर के ऑफिस में सचिवालय को उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पंजाब और हरियाणा सिविल सचिवालय को खाली करा लिया गया। यह धमकी ईमेल पर मिली थी, जिसके बाद सचिवालय को हाई अलर्ट पर रखा गया। बिल्डिंग की सुरक्षा करने वाली सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स के अलावा, चंडीगढ़ पुलिस, उसकी बम स्क्वॉड और फायर ब्रिगेड को तुरंत बुलाया गया। पंजाब पुलिस और हरियाणा पुलिस भी बिल्डिंग को खाली कराने के लिए हरकत में आ गई। स्टाफ को जल्द से जल्द बाहर निकाला गया।



## माइकल गिल नाम की ईमेल आईडी से आया ईमेल

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि धमकी गुरुवार सुबह माइकल गिल' नाम की ईमेल आईडी से भेजी गई थी। सुबह 9 बजे ऑफिस शुरू होने के बाद ईमेल देखा गया और सुरक्षा कर्मचारियों को अलर्ट किया गया। तब तक, कई कर्मचारी पहले ही बिल्डिंग में घुस चुके थे। उन्हें सुबह 10 बजे तक बाहर निकाल लिया गया और परिसर की अच्छी तरह से तलाशी ली जा रही है। भेजने वाले ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को भी धमकी दी। खुद को खालिस्तानी समर्थक बताने वाले भेजने वाले ने पंजाब सरकार को पुलिस एनकाउंटर के खिलाफ भी चेतावनी दी।

# पटियाला जेल में वॉर ऑन गैंगस्टर्स अभियान, 100 से ज्यादा मुलाजिमों ने की सर्च

पंजाब/यूटर्न/29 जनवरी। पंजाब में कानून-व्यवस्था को पुख्ता करने और आपराधिक नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में चलाए जा रहे 'वॉर ऑन गैंगस्टर्स' अभियान के तहत पटियाला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। डीजीपी पंजाब के सख्त निर्देशों पर पटियाला के विभिन्न संवेदनशील इलाकों और जेलों में बिना किसी पूर्व सूचना के सघन तलाशी अभियान चलाया गया। सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए इस विशेष अभियान में 100 पुरुष पुलिसकर्मी और 20 महिला पुलिसकर्मियों की टीम उतारी गई है। ऑपरेशन का नेतृत्व स्वयं डीएसपी और एसएचओ स्तर के वरिष्ठ अधिकारी कर रहे हैं। एसपी सिटी पटियाला, पलविंदर चीमा ने स्पष्ट किया कि चेकिंग का समय रैंडम रखा जा रहा है ताकि अपराधियों को संभलने या अवैध सामग्री छिपाने का मौका न मिले।





Rashi Khanna

# चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर सियासी संग्राम तेज: AAP का आरोप भाजपा-कांग्रेस की मिलीभगत से बना मेयर

चंडीगढ़, यूटर्न, 29 जनवरी। चंडीगढ़ मेयर चुनाव के नतीजों के बाद राजनीतिक माहौल गर्मा गया है। आम आदमी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पर मिलीभगत और साजिश का आरोप लगाते हुए चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पार्टी के चंडीगढ़ प्रभारी जरनैल सिंह और प्रदेश अध्यक्ष सनी सिंह अहलूवालिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दोनों दलों को सीधे तौर पर निशाने पर लिया।

## 2021 के जनादेश का किया गया अपमान: AAP

जरनैल सिंह ने कहा कि 2021 में आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी, लेकिन इसके बावजूद भाजपा ने लगातार राजनीतिक जोड़-तोड़ कर जनता के फैसले को कमजोर किया। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि जब-जब भाजपा को सहारे की जरूरत पड़ी, कांग्रेस खुलकर उसके साथ खड़ी नजर आई।



## नगर निगम के वादों पर उठाए सवाल

अअढ प्रभारी ने भाजपा शासित नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि 24७7 पानी, स्वच्छता और बेहतर कूड़ा प्रबंधन जैसे दावे सिर्फ कागजों तक सीमित हैं। उन्होंने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है, कूड़ा पंजाब और हरियाणा के डंपिंग ग्राउंड में फेंका जा रहा है और गौशालाओं की हालत बेहद चिंताजनक है।

## पंजाब मॉडल का किया हवाला

जरनैल सिंह ने पंजाब में लागू 10 लाख रुपये की मेडिकल क्लेम योजना और अन्य जनहितकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि चंडीगढ़ की जनता भी दिल्ली और पंजाब जैसी सुविधाओं की हकदार है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर भाजपा की कथित विफल नीतियों को उजागर करेंगे।

## 'सत्ता के लिए विरोध भूल गईं पार्टियां'

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जरनैल सिंह ने कहा कि भाजपा ने कांग्रेस के मौन समर्थन से मेयर पद पर कब्जा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता बनाए रखने के लिए भाजपा तथाकथित विरोधी दलों के साथ भी समझौता करने से नहीं चूकती। उन्होंने दावा किया कि यह कोई पहली बार नहीं है, बल्कि देश के अन्य हिस्सों में भी ऐसे उदाहरण सामने आ चुके हैं।

## डबल-ट्रिपल इंजन सरकार भी नाकाम

उन्होंने कहा कि केंद्र, राज्य और नगर निगम में एक ही पार्टी या सहयोगी दलों की सरकार होने के बावजूद आम जनता को कोई ठोस लाभ नहीं मिला। अअढ ने दावा किया कि अगर चंडीगढ़ को स्पष्ट जनादेश मिला, तो हॉर्स ट्रेडिंग की राजनीति खत्म की जा सकती है।

## मनीष तिवारी के ट्वीट पर भी निशाना

अअढ नेताओं ने कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी के हालिया ट्वीट का हवाला देते हुए कहा कि उनकी टिप्पणी से यह साफ झलकता है कि कांग्रेस ने मेयर चुनाव में भाजपा का समर्थन किया। उन्होंने कांग्रेस को भाजपा की 'बी-टीम' करार देते हुए दावा किया कि आगामी पार्षद चुनावों में आम आदमी पार्टी मजबूत जनादेश के साथ जीत दर्ज करेगी।

# चंडीगढ़ पुलिस ने जुआ खेलते तीन व्यक्तियों को दबोचा, नकद और ताश बरामद

चंडीगढ़, यूर्टन, 29 जनवरी। चंडीगढ़ पुलिस ने 28 जनवरी 2026 को शहर में अलग-अलग जगहों पर जुआ खेलते तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह कार्रवाई शहर में बढ़ते जुआ खेल और अवैध सट्टा कारोबार पर नकेल कसने के उद्देश्य से की है।

## हल्लोमाजरा में कार्रवाई

पुलिस ने पावर ग्रिड, हल्लोमाजरा से बाबलू और धर्मेंद्र को जुआ खेलते हुए पकड़ा। इनके कब्जे से ₹640 नकद और ताश के पत्ते बरामद किए गए। उनके खिलाफ थाना सेक्टर 31, चंडीगढ़ में धारा 13(3)-67 जुआ अधिनियम के तहत मामला (FIR No. 16) दर्ज किया गया। जांच अधिकारियों ने बताया कि दोनों आरोपियों को बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

## सेक्टर 45/बी में सट्टा खेलते पकड़ा गया आरोपी

इसी दिन थाना सेक्टर 34 के अंतर्गत ट्यूबवेल सेक्टर-45/बी से विक्रमजीत सिंह (SX/o #1778, गांव बुरैल) को सट्टा



खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। उसके पास से ₹2120 नकद बरामद किए गए। उसके खिलाफ भी धारा 13(अ)-3-67 जुआ अधिनियम के तहत ऋक्षक्ष्ठङ्क. 16 दर्ज की गई। आरोपी को बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया।

चंडीगढ़ पुलिस ने बताया कि शहर में जुआ और सट्टा के मामलों की निगरानी लगातार की जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि इन घटनाओं को गंभीरता से लिया जा रहा है और आगे भी अवैध जुआ के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

- जुआ और सट्टा अधिनियम के तहत गिरफ्तारी पर तुरंत कार्रवाई करना आवश्यक है।
- पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अवैध जुआ या सट्टा गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाना या हेल्पलाइन पर दें।

# चंडीगढ़ मेयर चुनाव बीजेपी की संगठनात्मक बढ़त और विपक्ष की फूट का संकेत



संदीप शर्मा, सम्पादक

चंडीगढ़ नगर निगम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की क्लीन स्वीप सिर्फ एक सामान्य स्थानीय निकाय जीत से कहीं ज्यादा है। मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर तीनों शीर्ष पदों पर जीत हासिल करके बीजेपी ने एक स्पष्ट राजनीतिक संदेश दिया है: संगठनात्मक अनुशासन और संख्यात्मक स्पष्टता बिखरे हुए गठबंधनों और रणनीतिक भ्रम पर भारी पड़ते हैं। बीजेपी पार्षद सौरभ जोशी का 18 वोटों से मेयर चुना जाना सदन में पार्टी की ताकत और क्रॉस-वोटिंग की अनुपस्थिति को दशार्ता है, जो चंडीगढ़ की नागरिक राजनीति को लंबे समय से परेशान कर रही थी। 1996 के बाद पहली बार हाथ उठाकर वोट देने की प्रणाली की वापसी ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने और पिछले साल के विवाद के बाद संस्थागत विश्वसनीयता बहाल करने में निर्णायक भूमिका निभाई। 2024 के मेयर चुनाव ने चंडीगढ़ के राजनीतिक परिदृश्य पर गहरे निशान छोड़े थे। वोट में हेरफेर के आरोप, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप ने बीजेपी की शुरूआती जीत को पलट दिया और अअढ के योगेश ढींगरा को मेयर बनाया, ने चुनावी निष्पक्षता के बारे में व्यापक चिंताएँ पैदा कर दी थीं। इस पृष्ठभूमि में, खुली वोटिंग सिर्फ एक प्रक्रियात्मक बदलाव नहीं था, बल्कि सार्वजनिक विश्वास बहाल करने के उद्देश्य से एक सुधारात्मक उपाय था। क्रॉस-वोटिंग या विवादों से मुक्त शांतिपूर्ण दो घंटे की वोटिंग प्रक्रिया से पता चलता है कि यह सुधार सफल रहा। इतना ही महत्वपूर्ण वह राजनीतिक संदर्भ था जिसमें चुनाव हुआ। चंडीगढ़ मेयर चुनाव कभी इंडिया गठबंधन की पहली व्यावहारिक अभिव्यक्ति का प्रतीक था, जिसमें कांग्रेस और आप ने 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले बीजेपी के खिलाफ हाथ मिलाया था। वह प्रयोग अब विफल हो गया है। आपसी अविश्वास, प्रतिस्पर्धी दावे और टकराती महत्वाकांक्षाओं के कारण अंततः दोनों पार्टियों ने अलग-अलग उम्मीदवार उतारे, जिससे प्रभावी रूप से विपक्ष के वोट बँट गए।

**AAP का मेयर पद पर जोर देना...**पंजाब में अपनी सरकार और चंडीगढ़ टढ सीट कांग्रेस को देने के अपने दावे का हवाला देते हुए - कांग्रेस ने खारिज कर दिया, जिसने तर्क दिया कि मेयर का पद उस पार्टी को मिलना चाहिए जिसके पास संसदीय सीट है। इस गतिरोध ने न केवल विपक्षी एकता की कमजोरी को उजागर किया, बल्कि बीजेपी को एक ऐसे सदन में रणनीतिक फायदा भी पहुँचाया जहाँ उसे पहले से ही स्पष्ट संख्यात्मक बढ़त हासिल थी।

**नतीजे भारतीय राजनीति में पैटर्न कर रहे रेखांकित...**जल्दबाजी में बने गठबंधन अक्सर प्रतीकात्मकता से आगे बढ़ने के लिए संघर्ष करते हैं, जब तक कि उन्हें सुसंगत सत्ता-साझाकरण व्यवस्थाओं का समर्थन न मिले। चंडीगढ़ के नगर निगम चुनाव दिखाते हैं कि कैसे स्थानीय समीकरण राष्ट्रीय स्तर की समझ को बिगाड़ सकते हैं, खासकर जब महत्वाकांक्षा तालमेल पर हावी हो जाती है।

**यह जीत शासन स्थिरता और संस्थागत अनुशासन की कहानी...**बीजेपी के लिए, यह जीत शासन स्थिरता और संस्थागत अनुशासन की उसकी कहानी को मजबूत करती है। सभी प्रमुख नगर निगम पदों पर जीत हासिल करके, पार्टी का अब नगर निगम के नेतृत्व पर पूरा नियंत्रण है, जिससे वह बिना किसी रुकावट के चंडीगढ़ के शहरी एजेंडे को आकार दे सकती है। हालांकि, इस जनादेश के साथ आने वाली ज़िम्मेदारी भी बहुत बड़ी है। कचरा प्रबंधन, ट्रैफिक जाम, शहरी नियोजन और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे जैसे नागरिक मुद्दे पार्टी की राजनीतिक प्रभुत्व को प्रभावी शासन में बदलने की क्षमता की परीक्षा लेंगे।

**विपक्ष के लिए नतीजे एक चेतावनी...**विपक्ष के लिए, यह नतीजा एक चेतावनी है। बिखराव और सार्वजनिक झगड़ों का चुनावी नुकसान होता है, खासकर छोटी विधायी निकायों में जहां संख्याएं निर्णायक रूप से मायने रखती हैं। अगर कांग्रेस और AAP चंडीगढ़ से सबक नहीं लेते हैं, तो ऐसे ही नतीजे दूसरी जगहों पर भी दोहराए जा सकते हैं। आखिरकार, चंडीगढ़ मेयर चुनावों ने दो स्थायी राजनीतिक सच्चाइयों की पुष्टि की है: पारदर्शिता लोकतंत्र को मजबूत करती है, और एकता विपक्ष के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372